• जयपुर, सोमवार 2 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 155 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम
# चमकता राजस्थान
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

पेज @3 आमजनता के लिए निराशाजनक, दिशाहीन बजट: पायलट...
पेज @4 बागेश्वर धाम की कथा की तैयारिया युद्धस्तर पर....
पेज @8 जयपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ "नेक्स्ट जेन ग्लोबल यूथ समिट...

रेलवे को बड़ी सौगात




# हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने का ऐलान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा और अपना लगातार नौवां केंद्रीय बजट पेश कर रही हैं। बजट 2026-27 में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। रेलवे, विमानन और जल परिवहन क्षेत्रों के लिए कई बड़ी और दूरगामी घोषणाएं की गई हैं, जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना और आर्थिक विकास को गति देना है।केंद्रीय बजट 2026 में रेलवे को लेकर एक अहम फैसला लेते हुए सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की गई है। इन कॉरिडोरों के जरिए देश के प्रमुख औद्योगिक और आर्थिक केंद्रों को तेज और आधुनिक रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर इस प्रकार हैं- मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में 20 नए जलमार्ग चालू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत ओडिशा के नेशनल वॉटरवे-5 से होगी, जो तालचेर और अंगुल जैसे खनिज-समृद्ध क्षेत्रों को कलिंगनगर औद्योगिक केंद्र और पारादीप व धमरा बंदरगाहों से जोड़ेगा। इससे पर्यावरण के अनुकूल और कम लागत वाले कार्गो मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा। अंतर्देशीय जलमार्गों को मजबूत करने के लिए वाराणसी और पटना में शिप रिपेयर और मेंटेनेंस से जुड़ा एक आधुनिक इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही समुद्री विमान के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) योजना शुरू करने की भी घोषणा की गई है। बजट 2026 में छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) के लिए सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए का ग्रोथ फंड लाने का ऐलान किया है। इससे उद्यमियों को अपने कारोबार के विस्तार में मदद मिलेगी। इसके अलावा, टेक्सटाइल सेक्टर को भी विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही गई है, जिससे रोजगार और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इंफ्रा रिस्क गारंटी फंड बनाया जाएगा और कोस्टल कार्गो प्रमोशन स्कीम लॉन्च की जाएगी। साथ ही, जलमार्ग क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि इस सेक्टर में कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके।

## खादी, हथकरघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू की जाएगी : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को केंद्रीय बजट पेश किया है। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि खादी, हथकरघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल का शुभारंभ किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार प्रस्तावित पार्कों के लिए चैलेंज मोड चयन प्रक्रिया के जरिए टेक्सटाइल इकोसिस्टम में विकास को तेज करना चाहती है। उन्होंने कहा, मैं चैलेंज मोड में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव करती हूं। मैं खादी और हथकरघा को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव करती हूं। इस योजना के जरिए खादी हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को ग्लोबल मार्केटिंग से जोड़ा जाएगा। साथ ही, ओडीओपी योजना को मजबूती मिलेगी और बुनकरों को बेहतर ट्रेनिंग मिलेगी। वित्त मंत्री ने भारत के लेबर-इंटेंसिव टेक्सटाइल सेक्टर के सहयोग के लिए एक बड़े एकीकृत कार्यक्रम की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में 7 मुख्य हिस्से हैं, जिनमें से हर एक का मकसद उत्पादन, कौशल विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाना है। वस्त्र उद्योगों के लिए एकीकृत कार्यक्रमों में खादी, हथकरघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शामिल है। वस्त्र कौशल इको-सिस्टम को बढ़ावा और आधुनिकता के लिए समर्थ 2.0 मिशन, जबकि प्राकृतिक, मानव निर्मित और न्यू ऐज फाइबर में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना का जिक्र है। इसके अलावा, परम्परागत टेक्सटाइल क्लस्टर को आधुनिक बनाने के लिए वस्त्र उद्योगों का विस्तार और रोजगार योजना, जारी योजनाओं के एकीकरण और बढ़ावा के लिए राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प कार्यक्रम, विश्व स्तरीय और टिकाऊ वस्त्रों और परिधानों के लिए टेक्स-इको पहल और चुनौती के स्तर पर मेगा टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की जाएगी।

## हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर को विशेष सौगात, किसानों का भी ध्यान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को पेश किए बजट में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के क्षेत्र में बड़े कदम उठाने की घोषणा की है। इन प्रस्तावों का मकसद देश के विकास को संतुलित और टिकाऊ बनाना बताया गया है। सरकार ने तटीय इलाकों के किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर प्रोत्साहित करने का ऐलान किया है। इसके तहत नारियल, काजू और कोको जैसी फसलों के साथ-साथ पहाड़ी और अन्य क्षेत्रों में अखरोट और पाइन नट्स जैसी मेवों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और खेती अधिक लाभकारी बनेगी। वहीं, पर्यटन के क्षेत्र में सरकार ने कई अहम घोषणाएं की हैं। नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी को अपग्रेड कर एक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी स्थापित किया जाएगा। यह संस्थान शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के साथ मिलकर हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में प्रशिक्षण और मानकों को बेहतर बनाएगा।

इसके अलावा, देश के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 10,000 टूर गाइड्स को प्रशिक्षित करने के लिए एक पायलट योजना शुरू की जाएगी। यह 12 हफ्ते का मानकीकृत और उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण हाइब्रिड मोड में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के सहयोग से दिया जाएगा।

## विपक्ष के नेताओं ने बजट को बताया जुमलाबाजी, कहा- 11 साल में कुछ नहीं मिला

**नई दिल्ली/एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में केंद्रीय बजट 2026-27 को विपक्ष ने जुमलाबाजी बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 सालों में कुछ नहीं किया है, तो इस बार क्या करेंगी। कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजाला ने कहा, देखिए, उम्मीद तो अच्छी करनी चाहिए। हम तो उम्मीद करते हैं कि जो बेरोजगार नौजवान है, उसके रोजगार का कुछ सोचा होगा सरकार ने और किसान के हित के लिए कुछ काम किया होगा। कई ऐसे राज्य हैं जिन पर कर्ज ज्यादा हो गया है, उसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब को सबसे ज्यादा आशा है। पंजाब के ऊपर बहुत कर्जा है। हम उम्मीद करते हैं कि पंजाब के कर्जा माफी का इन्होंने कोई प्रावधान किया होगा और उसके अलावा बॉर्डर की तरफ से पर बहुत ज्यादा ड्रग्स और ड्रोन के माध्यम से हथियार आ रहे हैं। इसको भी रोकने के लिए कुछ इंतजाम किया जा रहा होगा। बजट में सुरक्षा के लिए आधुनिक हथियार और टेक्नोलॉजी होना बहुत जरूरी है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले ग्यारह साल में भारत देश की तमाम उम्मीदों को लगातार तोड़ा है। बजट आम आदमी की जेब को कैसे मजबूत कर सकता है, वह बजट होना चाहिए। लेकिन हर साल जब भी बजट आया है, उसने इस देश की गरीब जनता की जेब को ढीला कर दिया है। उन्होंने कहा कि बजट आने से महज कुछ महीने पहले जिस तरह इन्होंने मनरेगा को बर्बाद करने की साजिश की है, उससे इस देश के गरीब मजदूरों की कमर पहले ही तोड़ दी है, तो ऐसे में इस बजट से कोई बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं। देखते हैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण क्या-क्या देश को देती है।

मुख्यमंत्री की केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

## केन्द्रीय बजट युवा, महिला, गरीब और किसानों के उत्थान को समर्पित

**चमकता राजस्थान**




- **देशवासियों की आशाओं एवं आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला बजट**
- **प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर**
- **सेमीकंडक्टर मिशन, डेटा सेंटर, मेगा टैक्सटाइल पार्क से जुड़ी घोषणाओं से राजस्थान को मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय बजट 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह युवा, महिला, किसान, वंचित, गरीब और आम आदमी का बजट है। यह बजट तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरा उतरने और सबका साथ सबका विकास के तीन कर्तव्यों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि इस बजट ने राजस्थान को विकास की मुख्यधारा में और अधिक मजबूती से जोड़ने का काम किया है। इस बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर पूरा करेगा।

शर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट बताता है कि पूरा देश 7 प्रतिशत की विकास दर के साथ पाथ ब्रेकिंग रिफॉर्म एक्सप्रेस पर शानदार परफॉर्म कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को समर्पित इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार, स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने वाले प्रावधान किए गए हैं। साथ ही, महिलाओं के लिए शी मार्ट, हर जिले में एक बालिका छात्रावास जैसे प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट में कैंसर की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी में छूट के साथ ही छोटे-बड़े उद्योगों, उत्पादकों, कारीगरों और कामगारों को वैश्विक बाजार में जाने के लिए नई दिशा दिखाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रदेश में सेमीकंडक्टर नीति और डेटा सेंटर नीति जारी की गई है। बजट में 40 हजार करोड़ रुपये से इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के शुरू होने का फायदा राजस्थान को भी मिलेगा। इसी प्रकार डेटा सेंटर और क्लाउड सर्विसेज क्षेत्र को इंसेंटिव दिए गए हैं, उनसे भी राजस्थान लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि मेगा टैक्सटाइल पार्क, 200 इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स और सोलर एवं माइनिंग क्षेत्र में की गई घोषणाओं से राज्य को विशेष रूप से फायदा मिलेगा।

शर्मा ने कहा कि वी बी-जी राम जी योजना में नरेगा की तुलना में 86 हजार करोड़ से बढ़ाकर 95 हजार 692 करोड़ राशि का आवंटन किया गया है। राजस्थान को इससे अतिरिक्त राशि मिलेगी। उन्होंने कहा कि पशुपालन राजस्थान की अर्थव्यवस्था का प्रमुख हिस्सा है। बजट में दी गई लोन लिंक्ड केपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी स्कीम का पशुपालकों को भरपूर लाभ मिलेगा।

## बिहार : पटना में ऑटो और ट्रक की टक्कर में छह की मौत, दो अन्य घायल

**पटना/एजेंसी।** बिहार के बिहटा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक ऑटो और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बिहटा थाना क्षेत्र के लखनपुर के पास की बताई जा रही है। रात में एक अनियंत्रित ट्रक और ऑटो के बीच हुई भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति इलाज के क्रम में अस्पताल में दम तोड़ दिया। बिहटा थाना के सहायक अवर निरीक्षक मुक्ति नारायण सिंह ने बताया कि ऑटो में सवार लोग मनेर से उर्स देखकर वापस आरा लौट रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को ऑटो से निकाला गया और घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देख सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के क्रम में एक घायल व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया।

## सोना-चांदी खरीदारों को बड़ी राहत, कीमतों में भारी गिरावट, सोना 1.50 लाख और चांदी 2.65 लाख पर

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सोने और चांदी खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है. रविवार को कीमती धातुओं की कीमतों में जोरदार गिरावट दर्ज की गई, जिससे घरेलू बाजार में सोना और चांदी काफी सस्ते हो गए. बजट के चलते कमोडिटी बाजार में रखे गए स्पेशल सेशन में नई कीमतें सामने आईं, जिसने निवेशकों और ज्वेलरी खरीदारों का ध्यान खींचा. इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक, चांदी की कीमत में करीब 73,600 रुपये की भारी गिरावट आई है. चांदी अब 2,65,751 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है, जबकि पहले इसका भाव 3,39,350 रुपये प्रति किलो था. वहीं 24 कैरेट सोने की कीमत 17,098 रुपये घटकर 1,48,697 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई है, जो पहले 1,65,795 रुपये थी. कीमतों में इस बड़ी गिरावट से बाजार में हलचल तेज हो गई है. सोने के अन्य कैरेट की बात करें तो 22 कैरेट सोने का दाम 1,65,131 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर 1,36,206 रुपये हो गया है. इसी तरह 18 कैरेट सोने की कीमत भी घटकर 1,11,523 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई है, जो पहले 1,24,346 रुपये थी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी कीमतों में कमजोरी देखने को मिली.

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026 में दी बड़ी खुशखबरी

# विदेश यात्रा और पढ़ाई पर टैक्स में राहत

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026 में दी बड़ी खुशखबरी दी है. विदेश यात्रा और पढ़ाई पर टैक्स में राहत दी है. विदेश यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि विदेशी टूर पैकेज पर टैक्स को 5%-20% से घटाकर 2% कर दिया गया है, और अब कोई न्यूनतम राशि की शर्त नहीं होगी. इसके साथ ही सरल इनकम टैक्स फॉर्म्स जल्द ही अधिसूचित किए जाएंगे. उन्होंने Semiconductor Mission 2.0 लॉन्च करने के बारे में भी बताया.

यह उनका लगातार नौवां बजट है, जो एक बड़ा रिकॉर्ड बन रहा है. देश की पहली महिला वित्त मंत्री के तौर पर वो इतिहास रच रही हैं. भारत में इतने सालों बाद पहली बार बजट रविवार को आ रहा है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक बात है. मिडिल क्लास से लेकर बिजनेसमैन तक सब इस बजट के लिए उत्सुक थे. खासकर महंगाई से राहत मिलेगी. रोजमर्रा की जरूरी चीजों जैसे दाल, तेल, चावल, सब्जियां, दवाइयां या बिजली-पानी पर टैक्स कम होगा. इससे घर का खर्चा थोड़ा कम होगा और आम आदमी की जेब में कुछ पैसे बचेंगे.

भारत को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, IT-enabled सर्विसेज, KPO और कॉन्ट्रैक्ट R&D सर्विसेज में वैश्विक नेतृत्व के रूप में मान्यता मिली है. अब इन सभी को एक ही कैटेगरी Information Technology Services में शामिल किया जाएगा.

सभी IT सर्विसेज के लिए सामान्य Safe Harbour मार्जिन 15.5% लागू होगा.

Safe Harbour का लाभ लेने की थ्रेशहोल्ड सीमा 300 करोड़ से बढ़ाकर 2,000 करोड़ की गई है.

IT सर्विसेज के लिए Safe Harbour approvals ऑटोमेटेड, रूल-ड्रिवन सिस्टम के जरिए प्रोसेस होंगे, टैक्स ऑफिसर्स द्वारा जांच की जरूरत नहीं होगी.

## चीन की मोनोपोली तोडने के लिए भारत का बड़ा दांव, 4 राज्यों में बनेंगे 'रेयर अर्थ मिनरल कॉरिडोर

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

वित्त मंत्री ने संसद में बजट पेश करते हुए देश के रणनीतिक और सुरक्षा हितों को ध्यान में रखकर एक बड़ी घोषणा की है। सरकार ने देश में 'रेयर अर्थ मिनरल' के लिए विशेष कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया है। इस कदम का सीधा मकसद इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाना और चीन पर बरसों से चली आ रही निर्भरता को खत्म करना है। वित्त मंत्री ने जानकारी दी कि इन विशेष कॉरिडोर का निर्माण देश के चार राज्यों में किया जाएगा, जिससे इन खनिजों के खनन, प्रोसेसिंग और सप्लाई चेन को न केवल रफ्तार मिलेगी बल्कि यह अधिक भरोसेमंद भी बनेगी।

### ● चीन पर 90 फीसदी निर्भरता खत्म करने का रोडमैप

रेयर अर्थ एलिमेंट्स आज के दौर में मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस सेक्टर की रीढ़ माने जाते हैं। फिलहाल भारत अपनी जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा चीन से आयात करता है, जो रणनीतिक रूप से एक बड़ा जोखिम है। सरकार ने 2025-2026 के दौरान इस निर्भरता को कम करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। सरकार का फोकस अब घरेलू स्तर पर इन खनिजों की खोज और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर है, ताकि भविष्य में किसी भी भू-राजनीतिक संकट का असर भारत की सप्लाई चेन पर न पड़े।



### करोड़ों का बजट और पीएलआई स्कीम का सहारा

इस सेक्टर को बूस्ट देने के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। जनवरी 2025 में 'नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन' की शुरुआत की गई थी, जिसके लिए कुल 16,300 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस मिशन के तहत करीब 1,200 एक्सप्लोरेशन प्रोजेक्ट और प्रोसेसिंग सुविधाओं को विकसित करने का काम चल रहा है। इसके अलावा, नवंबर 2025 में रेयर अर्थ मैग्नेट्स के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7,350 करोड़ रुपये की पीएलआई (क्करुद्ब) स्कीम भी लॉन्च की गई थी। इस योजना के तहत देश में ही 6,000 एमटीपीए (रूञ्जक्क) की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

### माइनिंग कानूनों में बड़े सुधार और निजी क्षेत्र की एंट्री

सरकार ने नीतिगत स्तर पर भी बड़ी रुकावटों को दूर किया है। माइनिंग सुधारों के तहत एमएमडीआर एक्ट में संशोधन कर रेयर अर्थ एलिमेंट्स को 'पार्ट डी' में शामिल किया गया है। इससे निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खुल गए हैं और अब तक 20 से ज्यादा ब्लॉक्स की नीलामी भी हो चुकी है। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव करते हुए मोनाजाइट को एटॉमिक लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। परियोजनाओं में देरी न हो, इसके लिए सितंबर 2025 में क्रिटिकल मिनरल प्रोजेक्ट्स को 'पब्लिक हियरिंग' (जन सुनवाई) से छूट देने का फैसला लिया गया था। जानकारों का मानना है कि ये कॉरिडोर भारत की रणनीतिक सुरक्षा के लिए गेम चेंजर साबित होंगे।

### 'विकसित भारत' की ओर कदम

सरकार का लक्ष्य 'विकसित भारत' के विजन को साकार करना है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारी निवेश शामिल है. बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है. ये रेल कॉरिडोर न केवल यात्रियों के लिए लाभकारी होंगे, बल्कि माल ढुलाई, रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देंगे.

इन परियोजनाओं से जुड़े शहरों में निवेश, पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा. उदाहरण के लिए, दिल्ली-वाराणसी रूट धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, जबकि साउथ कॉरिडोर तकनीकी और मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को मजबूत करेंगे. कुल मिलाकर, ये सात हाई स्पीड रेल कॉरीडोर भारत की कनेक्टिविटी क्रांति का हिस्सा बनने जा रहे हैं.

## बिहार को बड़ी सौगात, पटना में बनेगा शिप रिपेयर सेंटर, खुलेंगे रोजगार के द्वार

**पटना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में बिहार को कई अहम सौगातें दी हैं. बजट भाषण में पटना और वाराणसी में शिप रिपेयर सेंटर बनाने का ऐलान किया गया है. ये सेंटर खास तौर पर इंटरनल वाटरवेज यानी आंतरिक जलमार्गों के लिए तैयार किए जाएंगे, जिससे नदी मार्ग से होने वाले परिवहन को मजबूती मिलेगी. सरकार का लक्ष्य है कि गंगा समेत अन्य नदियों के जरिए माल ढुलाई को बढ़ाया जाए. इसके लिए पटना और वाराणसी को वाटरवेज हब के रूप में विकसित किया जाएगा. जलमार्ग के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकें.

### वाराणसी से सिलीगुड़ी के बीच हाई स्पीड रेल कॉरिडोर

इसके अलावा बजट में 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा भी की गई है. इनमें एक प्रमुख कॉरिडोर वाराणसी से सिलीगुड़ी के बीच बनाया जाएगा. उम्मीद जताई जा रही है कि इस रेल कॉरिडोर का रूट बिहार से होकर गुजरेगा, जिससे राज्य को सीधा फायदा मिलेगा. अगर यह योजना जमीन पर उतरती है तो बिहार में कनेक्टिविटी बेहतर होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। कुल मिलाकर यह बजट बिहार के विकास के लिए अहम माना जा रहा है.

## बजट 2026 में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सरकार ने फोकस बढ़ाया, पूंजीगत खर्च का लक्ष्य 12.2 लाख करोड़ रुपए किया

**नई दिल्ली/एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए करने का ऐलान किया है। इसके जरिए सरकार की कोशिश बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर फोकस कर देश में विकास दर और रोजगार को बढ़ाना है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क डेवलपमेंट फंड की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास को गति देने के लिए बजट में राजमार्गों, बंदरगाहों, रेलवे और बिजली परियोजनाओं सहित इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त प्रोत्साहन देने, 7 रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और तेजी से लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सृजित करने का प्रस्ताव है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सार्वजनिक निवेश पर मजबूत जोर देते हुए राजकोषीय विवेक और मौद्रिक स्थिरता बनाए रखी है, और आगे कहा कि भारत को वैश्विक बाजारों के साथ गहराई से जुड़ना चाहिए, अधिक निर्यात करना चाहिए और विदेशी निवेश को भी आकर्षित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बजट का आधार को तीन कर्तव्योंको बताया, जिनसे न सिर्फ अर्थव्यवस्था को तेजी मिलेगी, बल्कि गरीब, वंचित और पिछड़े लोगों को भी ताकत मिलेगी।



## NRI और विदेश यात्रा करने वालों के लिए बड़ी राहत

इनकम टैक्स बजट 2026: विदेश यात्रा की योजना बना रहे लोगों के लिए सरकार ने विदेशी टूर पैकेज पर TCS को घटाकर 2% कर दिया, जो पहले 5% और 20% था, और अब कोई न्यूनतम राशि की शर्त नहीं है. इससे अंतरराष्ट्रीय यात्रा बुकिंग पर पहले से कम टैक्स देना पड़ेगा. विदेश में पढ़ाई या इलाज के लिए पैसा भेजने वाले परिवारों के लिए भी राहत है. LRS के तहत शिक्षा और मेडिकल खर्च पर TCS 5% से घटाकर 2% कर दिया गया, जिससे पैसा भेजना आसान होगा. इसके अलावा, टैक्स नियमों में स्पष्टता लाने के लिए मानव संसाधन सेवाओं की सप्लाई को अब कॉन्ट्रैक्टर भुगतान के तहत माना जाएगा. इसके चलते ऐसे सेवाओं पर TDS सिर्फ 1% या 2% रहेगा, जिससे व्यापारियों और कामगारों के लिए टैक्स की उलझन कम होगी.

### आय की गलत जानकारी देने पर सख्त जुर्माना

आय की गलत जानकारी देने वालों पर सरकार सख्ती बरतने जा रही है. बजट से जुड़ी जानकारी में बताया गया है कि अगर कोई करदाता अपनी आय को गलत तरीके से दिखाता है या छुपाता है, तो उस पर टैक्स की रकम के बराबर यानी 100 फीसदी तक का पेनल्टी लगाई जाएगी. मनीकंट्रोल की PF एडिटर टीना जैन कौशल के मुताबिक, यह कदम टैक्स अनुपालन को मजबूत करने और जानबूझकर गलत रिपोर्टिंग करने वालों पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है. सरकार का मकसद है कि टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता बढ़े और ईमानदार टैक्सपेयर्स का भरोसा बना रहे.




### NRI के लिए प्रॉपर्टी सेल पर TDS प्रक्रिया आसान

सरकार ने प्रस्ताव रखा है कि ठफक्कद्वारा बेची गई अचल संपत्ति पर TDS अब रेजिडेंट खरीदार द्वारा उनके PAN आधारित challan के जरिए काटा और जमा किया जाएगा. इससे TAN (टैम्परेरी अकाउंटिंग नंबर) की जरूरत खत्म हो जाएगी और compliances सरल हो जाएंगी.

### यात्रियों के लिए बजट में राहत

विदेश यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि विदेशी टूर पैकेज पर टैक्स (ळड्डर) को 5%-20% से घटाकर 2% कर दिया गया है, और अब कोई न्यूनतम राशि की शर्त नहीं होगी. इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा बुक करते समय लोगों को अब पहले से कम टैक्स देना होगा. वित्त मंत्री ने बताया कि यह कदम आम नागरिकों के लिए जीवन आसान बनाने और यात्रा की योजना बनाने पर नकदी दबाव कम करने के लिए उठाया गया है.

## एफएण्डओ पर टैक्स बढने से शेयर बाज़ार धड़ाम, इनकम टैक्स के नए कानून और ऑरेंज इकोनॉमी पर बड़ा दांव

**नई दिल्ली/एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में अपना नौवां बजट (2026-27) पेश किया। इस बजट में एक तरफ जहां डिजिटल और क्रिएटिव अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने का रोडमैप दिखा, वहीं दूसरी ओर शेयर बाजार के निवेशकों को तगड़ा झटका लगा है। शेयर बाजार में मची खलबली बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने जैसे ही फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस पर सिक्योरिटी ट्रांज़ेक्शन टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। टैक्स में वृद्धिः वायदा कारोबार पर 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत कर दिया गया है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रेडिंग लागत बढने के डर से निवेशकों ने बिकवाली शुरू कर दी, जिससे सूचकांक नीचे आ गिरे।

## 1 अप्रैल से नया इनकम टैक्स कानून

करदाताओं को बड़ी राहत और सरलीकरण का वादा करते हुए वित्त मंत्री ने घोषणा की कि देश में नया इनकम टैक्स कानून 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा। **सरलीकरण :** टैक्स नियमों को और अधिक सुगम बनाया जाएगा और नए फॉर्म नोटिफाई किए जाएंगे। **सुधार :** अब करदाता मामूली फीस के साथ 31 मार्च तक अपना रिवाइज्ड रिटर्न जमा कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और लचीलापन आएगा। ऑरेंज इकोनॉमी और युवाओं के लिए 20 लाख नौकरियांबजट का एक बड़ा हिस्सा एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स यानी ऑरेंज इकोनॉमी को समर्पित रहा।

## इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं,1 अप्रैल से लागू होंगे नए इनकम टैक्स एक्ट, आईटीआर फाइलिंग की बढ़ाई गई डेडलाइन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** केंद्रीय बजट 2026 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्सपेयर्स के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि नए इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे और आयकर से जुड़े नियमों को पहले से अधिक सरल और पारदर्शी बनाया गया है। छोटे टैक्सपेयर्स के लिए एक नई स्कीम का भी प्रस्ताव रखा गया है, जिससे टैक्स अनुपालन आसान होगा। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि आईटीआर-1 और आईटीआर-2 दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। इससे लाखों वेतनभोगी और छोटे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार का कहना है कि फॉर्म को सरल बनाने के साथ-साथ टैक्स फाइलिंग की प्रक्रिया को भी डिजिटल और यूजर-फ्रेंडली किया गया है। वित्त मंत्री ने संसद को बताया कि सरकार ने 2021-22 में किया गया वादा पूरा कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रानी नगर में दो दिवसीय भजन संध्या व भेरुजी महाराज की मूर्ति स्थापना, महाप्रसादी में उमड़ा जनसैलाब



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी**/रानी नगर के बाजार स्थित बिजोबा कच्चे रास्ते पर मामाजी मंदिर परिसर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भजन संध्या, भेरुजी महाराज की मूर्ति स्थापना एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात तक चले इस भक्ति संगीत कार्यक्रम में श्रोतागण भजनों पर झूमते नजर आए और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। रविवार को प्रातः हवन-पूजन के पश्चात भेरुजी महाराज की मूर्ति स्थापना विधिविधान एवं बड़े धूमधाम के साथ की गई। इसके बाद दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला तथा आयोजन की नगरवासियों द्वारा सराहना की गई।

### देसूरी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पठान का विधायक राणावत ने किया सम्मान



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पंचायतीराज विभाग से सेवानिवृत्त अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मुबारक अली पठान के 42 वर्षों की राजकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर देसूरी के पठान कृषि फार्म हाउस पर विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत ने पुष्पहार व साफा से स्वागत कर सम्मान किया गया। ज्ञात रहे कल सम्मान समारोह में विधायक राणावत बजट सत्र में व्यस्त होने के कारण पहुंच नहीं पायें थे।
विधायक राणावत के साथ भाजपा नेता गणपत जणवा, अशोक पुरी गोस्वामी, लतिफ सिद्दीकी, एडवोकेट साकिर अली सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति थे। इससे पूर्व पठान को विभिन्न राजनीतिक नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने सम्मान दे कर बधाई दी।राणावत साहब ने अपने संबोधन में श्री मुबारक अली पठान के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, अनुशासन और गरीबों कि जनसेवा की भावना के साथ किया। उनके अनुभव और कार्यशैली नई पीढ़ी के अधिकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। पठान कृषि फार्म हाउस पर मुबारक अली के छोटे भाई वरिष्ठ शिक्षक नेता अल्लारक खान पठान की भी कुशलक्षेम पूछ कर होंसला अफजाई की। अल्लारक खां पठान व परिजनों ने विधायक व उपस्थित सभी का आभार जताया।

### अच्छी बारिश से जिले में खुशहाली की उम्मीद, लहलहाई गेहूं की फसल– किसानों के चेहरे खिले



**चमकता राजस्थान/ जीवन्द कलां/पाली।** जिले में इस वर्ष हुई अच्छी बारिश ने किसानों के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण जगा दी है। मानसून और बाद की बारिश से नदी-नालों में पर्याप्त पानी की आवक हुई है, जिससे खेतों में नमी बनी हुई है और गेहूं की फसलें हरियाली के साथ तेजी से बढ़ रही हैं। जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में इन दिनों खेतों में लहलहाती गेहूं की फसलें नजर आ रही हैं, जो बेहतर पैदावार की ओर इशारा कर रही हैं।
किसानों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार मौसम काफी अनुकूल रहा है। समय पर बारिश होने से बुवाई भी सही समय पर हो सकी और फसल की बढ़वार भी अच्छी हो रही है। खेतों में खड़ी फसल मजबूत और स्वस्थ दिखाई दे रही है, जिससे उत्पादन बढ़ने की पूरी संभावना जताई जा रही है।
कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा और अत्यधिक गर्मी या ओलावृष्टि जैसी आपदा नहीं आई, तो इस बार गेहूं की पैदावार औसत से बेहतर हो सकती है। अच्छी पैदावार से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि बाजार में आवक बढ़ने से आम उपभोक्ताओं को भी महंगाई से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।
ग्रामीण अंचलों में इन दिनों खेतों की हरियाली लोगों के लिए उम्मीद का संदेश बन गई है। किसान अपनी फसलों की नियमित देखभाल में जुटे हुए हैं और बेहतर उत्पादन की कामना कर रहे हैं। कुल मिलाकर, इस बार का रबी सीजन जिले के लिए खुशहाली लेकर आने की पूरी संभावना दिखाई दे रही है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह हुआ आयोजित



**चमकता राजस्थान/भरतपुर। ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह शनिवार को जिला प्रादेशिक परिवहन कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।
प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्रीमती इन्दू मीणा ने विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 को प्रदेश में शून्य मृत्यु माह के रूप में मनाया गया।

# आमजनता के लिए निराशाजनक, दिशाहीन बजटः पायलट

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने वित्त मंत्री द्वारा आज संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट को दिशाहीन एवं भ्रमित करने वाला बताते हुए कहा है कि जब पिछले तीन साल से पूंजीगत व्यय में हर साल एक लाख करोड़ की बचत हो रही है तो इसे कागजों में बढ़ाते रहने से वाहवाही लूटने का प्रयास जनता से छिप नहीं सकता।
उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, स्किल विकास योजना जैसी जनता के सीधे लाभ की योजनाओं में सरकार लगभग 33 हजार करोड़ खर्च नहीं कर पाई क्योंकि ग्रामीण गरीब इनकी प्राथमिकता में नहीं हैं। जल जीवन मिशन में 50 हजार करोड़ खर्च नहीं हुए क्योंकि केंद्र ने राज्यों को राशि ट्रांसफर ही नहीं की।
पायलट ने कहा है कि एक तरफ केंद्र सरकार ने केंद्रीय टैक्स में राज्यों का हिस्सा 41 प्रतिशत ही बरकरार रखा है वहीं ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में राज्यों के 40 प्रतिशत हिस्से के लिए कोई रास्ता नहीं निकाला है। राज्यों की हिस्सेदारी 45 प्रतिशत की जानी चाहिए।
उन्होंने केन्द्रीय बजट को राजस्थान के लिए के लिए अत्यंत निराशाजनक बताते हुए कहा है कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के लिए जल संसाधन मंत्रालय के बजट में एक पैसे का भी प्रावधान नहीं होना, 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में से एक भी राजस्थान में नहीं होना, पुरानी स्वीकृत रेल लाइनों के लिए प्रावधान नहीं करना यह सिद्ध करता है कि भाजपा सरकार के लिए राजस्थान की जनता के प्रति जरा भी संवेदना नहीं है।
उन्होंने कहा कि किसानों के लिए इस बजट में कोई राहत दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने मांग की है कि भाजपा सरकार को बेरोजगारी पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। पायलट ने इस बजट को बेरोजगारी बढ़ाने वाला, शिक्षित और उच्च शिक्षित युवाओं को निम्न स्तर की छोटी मोटी नौकरी करने पर मजबूर करने वाला बताया है।

### विधायक लांबा ने भाजपा कार्यकर्ताओ के संघ सुना बजटः

- **मोर सागर को लेकर बालक दडा वासियों ने जताई चिंता विधायक ने दिया आश्वासन**



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा के नेतृत्व में केंद्रीय बजट को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। आज भाजपा श्रीनगर मंडल में देश के ऐतिहासिक बजट को भाजपा मंडल अध्यक्ष राहूल रावत व भामाशाह वीरेंद्र मिश्रा, पूर्व सरपंच रामकरण यादव, पूर्व पंचायत समिति धर्मेंद्र यादव, रामदेव खजुरिया, श्रीनगर किसान संघ के सचिव शंकर सिंह रावत, लल्लू राम कहार,सभी कार्यकर्ताओं ने सुना और अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आत्मनिर्भर भारत का 2047 में विकसित भारत का ऐतिहासिक बजट बताया इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजु सिंह रावत, महामंत्री कमलेश नागर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामसिंह रावत,भाजपा नेता मेघराज रावत , भाजपा यूवा नेता महावीर जांगिड़, वार्ड पंच धनराज कहार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बजट घोषणा के दौरान बालक दादा के कर समाज के लोगों ने मोर सागर को लेकर कृषि भूमि, चारागाह भूमि एवं मकान,एवम 500 साल पुराना शिवालय को मोर सागर से आ रही दिक्कतों से अवगत कराया विधायक को विधायक ने कहा 100 मीटर पीछे किया जाएगा श्रीनगर को मोर सागर से नहीं आने देंगे परेशानी।

### रक्षा बजट में ऐतिहासिक वृद्धि से सशक्त होगी भारत की रक्षा-सुरक्षा नीति



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक/श्रीनगर अजमेर।** भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दशरथ सिंह सकराय ने केंद्रीय बजट सरहाना करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा रक्षा बजट में की गई उल्लेखनीय वृद्धि देश की सुरक्षा, स्वावलंबन और सामरिक आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह निर्णय न केवल हमारी सीमाओं की मजबूती सुनिश्चित करेगा,बल्कि आधुनिक युद्ध तकनीक, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और सैनिकों के कल्याण को भी नई गति देगा।
सकराय ने कहा कि हाल ही में सफल ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आत्मरक्षा के साथ-साथ निर्णायक प्रतिकार की क्षमता रखता है। इस अभियान ने आतंकवाद के विरुद्ध हमारी जीरो-टॉलरेंस नीति और सशस्त्र बलों की दक्षता को वैश्विक मंच पर सुदृढ़ किया है। बढ़ा हुआ रक्षा बजट ऐसे अभियानों को और प्रभावी बनाने, अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा खुफिया व साइबर क्षमताओं के विस्तार में सहायक होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार मेक इन इंडिया के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा दे रही है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार सृजन और तकनीकी नवाचार को भी बल मिलेगा। यह बजट किसानों, युवाओं और ग्रामीण भारत की सुरक्षा आकांक्षाओं के अनुरूप है। मजबूत रक्षा व्यवस्था ही सशक्त भारत की आधारशिला है, और यह निर्णय उसी दिशा में एक दूरदर्शी, साहसिक कदम है।

### रेगर समाज 44 खेड़ा बर के सानिध्य में संत रविदास जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




**चमकता राजस्थान/ जयराम सिंगाड़िया/ रायपुर मारवाड़।** रेगर समाज 44 खेड़ा बर के सानिध्य में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन दर्शन, उनके विचारों तथा सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारा और मानवता का मार्ग दिखाया। प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इससे युवाओं में प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान कैबिनेट मंत्री अविनाश गेहलोत व समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। अंत में समाज की उन्नति एवं एकता के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अविनाश गेहलोत कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार व रेगर अध्यक्ष ढगलाराम तंवर, उपाध्यक्ष हिमताराम फुलवारी, सचिव उमेद चंद, कोषाध्यक्ष मोहन लाल जाटोलिया, पूर्व अध्यक्ष लुणाराम तंवर, ताराचंद भट्ट, माणक राम प्रोफेसर,पत्रकार जयराम सिंगाड़िया, दिलीप चौहान, मोहन लाल आदि समाज बंधु उपस्थित थे '

# भाजपा नेताओं ने सराहा केंद्रीय बजट, सभी वर्गों को मिली प्राथमिकता

चमकता राजस्थान



- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करता बजट -नीना वर्मा विधायक**
- **यह बजट हर वर्ग को राहत देने वाला समावेशी बजट है - नीलेश भारती जिलाध्यक्ष**

**राजेश यादव/धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर जिले में उत्साह का माहौल रहा। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष महंत नीलेश भारती के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों व प्रमुख स्थानों पर बजट का सीधा प्रसारण देखा गया। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय धार पर विधायक श्रीमती नीना वर्मा डॉ शरद विजयवर्गीय भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला टोली सदस्य मोहित तातेड़ मंडल अध्यक्ष विशाल निगम ने भाजपा कार्यकर्ता व्यापारी के साथ केंद्रीय बजट को सुना ।

भाजपा नेताओं ने बजट की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सभी वर्गों–युवा, महिला, किसान, व्यापारी व गरीब–के कल्याण के साथ देश को प्रगति पथ पर ले जाने वाला ऐतिहासिक है।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती ने बताया कि विश्वास पर आधारित विकास का बजट है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का बजट। यह आने वाले 10 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट हर वर्ग–किसान, युवा, महिला, उद्योगपति व व्यवसायी–को राहत देने वाला समावेशी बजट है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है।

विधायक नीना वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करता बजट है।यह बजट भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता जोशी जिला पदाधिकारी अमृत जैन श्रीमती राखी राय मनीष प्रधान सोनू रघुवंशी युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार मंडल महामंत्री अमित शर्मा डॉ शैलेन्द्र तिवारी कालीचरण सोनवानिया बादल मालवीय देवेंद्र रावल सन्नी होडा प्रतिभा शर्मा मंजुला बघेल अनुसुईया वैष्णव अल्पना जोशी डाली जाधव समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शर्मा ने दी।

### उपखंड अधिकारी ने पशु चिकित्सा केंद्रों का किया निरीक्षण



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने शनिवार को उदयपुर रोड स्थित राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा केंद्र एवं अजमेर रोड स्थित दौलतगढ सिंघा राजकीय उप स्वास्थ्य पशु चिकित्सा केंद्र का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने औषधि कक्ष, स्टोर कक्ष एवं दवा कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं को लगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के टीकों, टीकाकरण प्रक्रिया तथा किन-किन पशुओं को किस प्रकार के टीके लगाए जाते हैं, इसकी जानकारी ली। साथ ही मंगला पशु बीमा योजना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सिंह ने केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, दवाइयों की उपलब्धता एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि पशुपालकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा

### सजाडा में भील समाज के व्दारा मोक्ष धाम में तारबंदी कर पेड़ पौधे लगाने की योजना बनाई



**चमकता राजस्थान/राजूराम मेघवाल/ब्यूरो चीफ़ जोधपुर।** पंचायत समिति लुणी की ग्राम पंचायत सजाडा खुर्द में भील समाज सजाडा के व्दारा मोक्ष धाम में तारबंदी का निर्माण कर मोक्ष धाम में साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया।
समाज सेवी पेंटर हिम्मताराम भील ने बताया कि कि इस कार्यक्रम में शामिल हुए समाज के मौजिज लोगों ने निर्णय लिया कि मोक्ष धाम में 101पेड पौधे लगा कर हरा-भरा करने संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में सुखाराम जी भील, लूणाराम जी, पूनाराम जी ढगलाराम जी, देवाराम जी, पांचाराम जी, दिनेश, अशोक,सम्पत भील,व भील समाज के मौजिज लोगों ने शामिल रहे। अन्त में मेट अशोक भील ने सभी समाज के मौजिज लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बजट आम जनता के लिए मरीचिका समान

## कृषि-पशुपालन-सहकारिता की घोर उपेक्षा : रामचन्द्र चौधरी, अजमेर डेयरी अध्यक्ष व कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा अजमेर

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर।** केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अजमेर डेयरी अध्यक्ष व कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा अजमेर रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि यह बजट ''आम जनता के लिए मरीचिका के समान'' है। उन्होंने कहा कि बजट में राहत का दिखावा है, जबकि वास्तविकता में किसान, पशुपालक, सहकारिता क्षेत्र और गरीब वर्ग के लिए यह बजट निराशाजनक साबित हुआ है। रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि कृषि के नाम पर सरकार ने बड़ी-बड़ी बातें की हैं, लेकिन यह बजट पूरी तरह ''कृषि क्षेत्र में थोथा चना बाजे घना'' के समान है। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, लागत घटाने और स्थायी आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर बजट में कोई ठोस समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले पशुपालन क्षेत्र को बजट में नजरअंदाज किया गया है और ''पशु पालन के लिये बजट से घोर निराशा'' मिली है। दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन, चारा व्यवस्था, पशु चिकित्सा सेवाएं और दूध की लागत घटाने हेतु कोई प्रभावी घोषणा नहीं की गई। रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि यह बजट सहकारिता और दुग्ध संघों के लिए भी निराशाजनक है तथा



''पशु पालन और सहकारिता की विकास की घोर उपेक्षा की गई'' है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गांव और किसान को मजबूत करना चाहती तो सहकारी संस्थाओं को मजबूती देने के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि नई हाईवे सड़क निर्माण के लिए डबल मंजिल स्कीम लागू नहीं करना गंभीर विषय है और सरकार विकास के नाम पर किसानों की कृषि भूमि को टारगेट कर रही है, जिससे किसान उजड़ने की कगार पर पहुंचेंगे। रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि देश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और आम परिवार महंगाई की मार से टूट रहा है, लेकिन बजट में बेरोजगारी व महंगाई पर कोई ठोस राहत नहीं दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली महा नरेगा योजना का भी गला घोट दिया गया है, जिससे गरीब और मजदूर वर्ग पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन सोना चाँदी पर नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा बजट में कोई घोषणा नहीं की गई, जिससे स्पष्ट है कि सरकार आमजन की बचत और बाजार नियंत्रण को लेकर गंभीर नहीं है। रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि बजट के बाद ''शेयर बाजार धड़ाम'' हो गया, इससे साफ है कि बजट ने भरोसा बढ़ाने के बजाय अस्थिरता पैदा की है। उन्होंने बजट को गरीब विरोधी बताते हुए कहा कि यह बजट ''कोलकल्पित गरीब लोगो के लिए'' है, जिसमें गरीबों की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं है और यह केवल कागजी घोषणाओं का पुलिंदा बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट ''आँकड़ो का माया जाल'' है, जिसमें वास्तविक सच्चाई छिपाकर आंकड़ों के सहारे जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने विदेश नीति पर भी निशाना साधते हुए कहा कि ''विश्व गुरु बनाने वाले की विदेश नीति फिसड्डी साबित हुई'' है। अंत में रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि यह ''बजट मरीचिका के समान'' है और जनता के लिए यह स्थिति ठीक वैसी है जैसे ''हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और''।

# बागेश्वर धाम की कथा की तैयारिया युद्धस्तर पर

चमकता राजस्थान





**रघुनंदन पारीक श्रीनगर / अजमेर ।** नए मेला मैदान में बल्ली पूजन कार्यक्रम विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी,केबिनेट मंत्री सुरेशसिंह रावत,पूर्व सभापति कमल पाठक ने किया
पुष्कर में बागेश्वर धाम जी की कथा होना हम सबके लिए शौभाग्य की बात हे -वासुदेव देवनानी
हमारे लिए गौरव की बात हे कि पुष्कर तीर्थ में बागेश्वर धाम की कथा हो रही हे -सुरेशसिंह रावत
तीर्थ नगरी पुष्कर में 23 से 25 फरवरी को निंबार्काचार्य पीठाधीश्व जगद्गुरु परम पूज्य श्री श्रीजी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित बागेश्वर धाम सरकार पूज्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज
के श्रीमुख से होने वाली हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार महाआयोजन होने जा रहा हे जिसकी तैयारिया युद्धस्तर पर शुरू हो गई हे।इसी के अंतर्गत एक रविवार को नए मेला मैदान में कथा स्थल का भूमि पूजन का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोचारण के साथ सैकड़ो सनातन योद्धाओं की मौजूदगी में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत पूर्व सभापति कमल पाठक और चित्रकूट धाम के संत पाठक जी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इस समय पूरे देश में सनातन योद्धा बनते जा रहे हे पुष्कर राज हमेशा सनातन संस्कृति परम वैभव पर रही हे हम सब लोग इस कार्य में लगे ओर सफल बनाए हनुमान जी की कथा हे सबके कष्ट दूर करे ओर सबको आशीर्वाद मिले इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक सनातन योद्धा शामिल होकर कथा को सफल ओर ऐतिहासिक बनाए।वही कैबिनेट मंत्री सुरेशसिंह रावत ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात हे कि तीर्थराज पुष्कर में बागेश्वर धाम जी की कथा हो रही हे इस कथा में सब लोग मिलकर अच्छी व्यवस्था करे में लोगों से अपील करता हु कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कथा में अपनी सेवाएं देवे।इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ओर कैबिनेट मंत्री सुरेशसिंह रावत का बल्ली पूजन से पूर्व आयोजन समिति के गौरीशंकर शर्मा अमित जैन पवन शर्मा दिनेश पंडित एस पी गौतम कैलाश रेनबो राघव शर्मा अरुण बाबू वेदप्रकाश पाराशर अंकित जैन ने माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।इसके बाद पंडित कैलाश नाथ दाधीच सहित पांच विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन ओर बल्ली पूजन किया गया। इस अवसर पर पंडित पुष्कर नारायण शास्त्री दीपक सेठी महावीर प्रसाद शास्त्री ओम जी शास्त्री कमलनयन दाधीच पंडित दिनेश शास्त्री प्रभु शर्मा राजेंद्र महावर लक्ष्मी पा- राशर सुमन कुमावत मंजू शर्मा कृष्णा शर्मा सीमा शर्मा विष्णु शर्मा नेहरू पंडित रघुपति अमित पंडित राजेश गौतम अंकित जैन सतपाल सिंह अजय पाराशर सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी सीआई विक्रमसिंह तहसीलदार इंद्रजीतसिंह सहित कार्यक्रम में अनेक संतगण, जनप्रतिनिधि, धर्मप्रेमी एवं सनातन सेवक ,सनातनी योद्धा, कार्यकर्ता, प्रभारी, कोर कमेटी सदस्य एवं धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागृह ब्यावर का औचक निरीक्षण



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों की अनुपालना में कमल कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर द्वारा जिला कारागृह का विस्तृत निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल परिसर में साफ-सफाई (हाइजीन), स्वच्छ पेयजल, सुचारू बिजली व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जेल में बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार निर्धारित सभी सुविधाएं और विधिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं या नहीं। इस दौरान सचिव ने वहां मौजूद 129 बंदियों से सीधा संवाद किया और उनसे जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। संवाद के दौरान किसी भी बंदी ने किसी प्रकार की असुविधा या शिकायत दर्ज नहीं कराई। जेल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन के अधिकारी और विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के अंतर्गत 2 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत



**चमकता राजस्थान/ब्यावर ।** मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के अंतर्गत पंचायत समिति जवाजा की ग्राम पंचायत बराखन निवासी मोहन सिंह पुत्र उदय सिंह को उनके पुत्र स्वर्गीय मनप्रीत सिंह की मृत्यु के प्रकरण में 2,लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मनप्रीत सिंह की खेत पर चारा काटते समय जहरीले सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी। दावेदार द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर गठित समिति द्वारा जांच कर 09 जनवरी 2026 को सहायता राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत राशि का भुगतान सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, ब्यावर के माध्यम से आई.डी.बी.आई. बैंक शाखा ब्यावर से चेक 22 जनवरी को किया गया ।
मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना किसानों एवं उनके परिवारों के लिए आपदा की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है ।

### थाना कोतवाली नगर पुलिस की बड़ी कामयाबी: साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को वापस दिलाई शत-प्रतिशत धनराशि

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर हेल्प डेस्क टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित के खाते से ठगी गई 49,858 रूपयों की शत-प्रतिशत धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त विवरण के अनुसार, गोपाल नगर निवासी अनुपम जुनेजा पुत्र सोम प्रकाश जुनेजा के साथ उनके क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 49,858 रुपये की धोखाधड़ी हुई थी, जिसकी शिकायत उन्होंने 21 जनवरी 2026 को साइबर पोर्टल 1930 पर दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर (नोडल अधिकारी साइबर अपराध) और क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुमताज खान के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में निरीक्षक मुमताज खान, व.उ.नि. मानसिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर सन्नी सोम और महिला कांस्टेबल मोना शामिल रहे। साइबर टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग संस्थाओं के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर ठगी गई पूरी रकम को पीड़ित के खाते में वापस कराया। अपनी खोई हुई राशि वापस पाकर पीड़ित अनुपम जुनेजा ने कोतवाली नगर पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम का आभार प्रकट किया है।

### भाजपा नगर मंडल पीपाड़ ने श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई संत रविदास जयंती



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/ मेहराम गहलोत।** भाजपा नगर मंडल पीपाड़ शहर द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान रैगर समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा का भाजपा नगर मंडल की ओर से पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर समानता, सामाजिक न्याय, भाईचारे एवं मानव मात्र की एकता का संदेश दिया। संत रविदास के विचार आज भी समाज को भेदभाव रहित एवं समरस भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी ने कर्म, भक्ति और मानवता के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य किया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता रामकिशोर भूतड़ा, मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छवाहा, मंडल महामंत्री देवाराम जांगिड़, मनोहर लाल सोनेल, चैनाराम गहलोत, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र भूतड़ा, मंडल मंत्री विक्रम देवड़ा, पार्षद रामकिशोर टाक, युवा मोर्चा अध्यक्ष सीपी मारोठिया, अतुल कच्छवाहा, वेंकटेश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत रविदास जी के आदर्शों पर चलने एवं सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

## पीपाड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बजट का स्वागत किया

# मोदी सरकार का ऐतिहासिक केन्द्रीय बजट जनकल्याण को समर्पित : आदित्य कच्छावाह

चमकता राजस्थान



**पीपाड़ शहर। मेहराम गहलोत।** मोदी सरकार का ऐतिहासिक केन्द्रीय बजट आज माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल पीपाड़ शहर में उत्साह का माहौल रहा। मंडल के वर्तमान एवं पूर्व श्रेष्ठ तथा ज्येष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर बजट का सीधा प्रसारण देखा।
मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छावाह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह केन्द्रीय बजट देश के युवा, महिला, किसान, व्यापारी, विद्यार्थी एवं सीनियर सिटीजन को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में मध्यम वर्ग एवं आमजन की आवश्यकताओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।
उन्होंने बताया कि इस बजट के माध्यम से कपड़ा उद्योग, लेदर व चमड़ा उत्पाद, सिंथेटिक फुटवियर, मोबाइल बैटरी, सोलर ग्लास, सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स से जुड़े उत्पादों के सस्ते होने से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही कैंसर एवं शुगर की 17 जीवन रक्षक दवाइयों पर राहत दिए जाने से स्वास्थ्य क्षेत्र में आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। बजट के बाद विदेश यात्रा भी पहले की तुलना में अधिक सुलभ एवं किफायती होगी।
इस अवसर पर प्रदेश द्वारा भेजे गए प्रवासी राजेश गुर्जर, जिला प्रवक्ता रामकिशोर भूतड़ा, मंडल महामंत्री देवाराम जांगिड़, मनोहर लाल सोनेल, कार्यक्रम संयोजक चैनाराम गहलोत, सह संयोजक राजेंद्र सोनी एवं राजेंद्र भूतड़ा, मंडल मंत्री विक्रम देवड़ा, पार्षद रामकिशोर टाक, युवा मोर्चा अध्यक्ष सीपी मारोठिया, सुरेन्द्र सिंह, अतुल कच्छावाह, वेंक टेश जांगिड़ सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
कार्यकर्ताओं ने बजट को विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

# कोली समाज जागृति संस्थान की कार्यकारिणी का किया विस्तार

चमकता राजस्थान




भरतपुर । ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन। कोली समाज जागृति संस्थान भरतपुर की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन संस्था के मीडिया प्रभारी तुलसी राम कोली लेखाकार के निवास जैन मंदिर के सामने भरतपुर पर मोहन महावर जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता मे संपन्न हुई!
बैठक के मुख्य अथिति हरी सिंह शाक्य एवं विशिष्ट अथिति नथोली राम रि. क. अभियंता, सोहन लाल रि. बैंक प्रबंधक एवं लक्खी राम रि. अध्यापक बयाना रहे!
जिला कार्यकारिणी के विस्तार के बारे में बैठक मे आपसी चर्चा परिचर्चा एवं विचार मंथन पश्चात जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए किशोरी लाल शाक्य को उपाध्यक्ष, पंकज कोली को प्रवक्ता, राजेंद्र सिंह कवई को संघठन मंत्री,किशन लाल अध्यापक को आंतरिक अंकेक्षक, राजेश शाक्य को छात्रावास भूमि प्रभारी, भगवान सिंह टेलर को प्रचार प्रसार मंत्री एवं सुरेश चंद को सह सचिव बनाया गया! साथ ही भरतपुर ब्लॉक की कार्यकारिणी के चुनाव पर चर्चा की गई,जिसमें भरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर महेश चंद अध्यापक, महेंद्र सिंह ऐडवोकेट को सचिव, मोहन लाल कोली से. नि. अध्यापक को कोषाध्यक्ष, भगवत प्रसाद को संगठन मंत्री, एवं महेश टेलर तथा मान चंद कोली को शहर का प्रचार प्रसार मंत्री सर्वसम्मिति से मनोनयन किया गया!
बैठक मे कक्षा 10वी से 12वी तक के छात्र एवं छात्राओं के लिये इस वर्ष परीक्षाएं होने के पश्चात मोटिवेशनल सेमिनार कराने का भी लिया निर्णय !तथा इसके साथ ही भगवान गौतम बुद्ध, वीरांगना झलकारी बाई तथा डॉ. भीम राव अम्बेडकर पर निबंध प्रतियोगिता कराने ,एवं महात्मा गौतम बुद्ध जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया।
बैठक मे अतिथियो द्वारा समाज मे व्याप्त कुरुतियों जैसे मिर्त्युभोज, दहेज़ प्रथा नशाखोरी आदि पर प्रकाश डाला एवं उन्हें त्यागने का आ''ान किया! बैठक मे कमलेश वैर, रामस्वरूप कामा, देवी सिंह पहरसर, गोपाल प्रसाद, श्याम लाल, हरीश चंद बयाना, बाबू लाल सिकंदरा,अचलसिंह बहनेरा भमरी राम, डाल चंद भुसावर, रूप सिंह लुधावई तुलसी राम कोली लेखाकार उपस्थित रहे!अंत मे सभी का आभार मोहन महावर द्वारा किया गया।

### भाजपा के लिए बजट प्रस्तुत करना केवल औपचारिकता है, विधायक एवं जिला अध्यक्ष अजमेर

**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक श्रीनगर /अजमेर।** अजमेर ठीक वैसे ही जैसे इनके मंत्रालयों में मंत्री औपचारिकता के लिए हैं। भाजपा में सारा काम ऊपर के दो व्यक्ति कंट्रोल करते हैं और सारा काम उन्हीं के ऑफिस में कुछ सीमित लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है। बजट पहले से तय होता है, किसे लाभ पहुंचाना है। ये बजट भी अदृश्य लोगों को लाभ पहुंचाने वाला है, जो ना सिर्फ आम लोगों की समझ से बाहर है, बल्कि इस बार निवेशकों ने भी बजट के विरुद्ध भारी नकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। शहर और गांव के आम आदमी की कमर टूटी हुई है और वो बड़ी उम्मीद से बजट को देख रहा था कि शायद उसे कुछ राहत मिलेगी लेकिन बजट में गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों की पूरी तरह से उपेक्षा की गई है। बुनियादी ढांचा क्या है? पैदावार की कीमत कैसे बढ़ाएंगे? मनरेगा जैसी ग्रामीणों की लाइफलाइन योजना को आपने कमजोर कर दिया है। महंगाई को रोकने के लिए उपाय नहीं है। शिक्षा व्यवस्था की निरंतर दुर्दशा होती जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं को भी आपने बर्बाद कर दिया है। आम आदमी हर जगह त्राहिमाम कर रहा है। यह सरकार और यह बजट हर मोर्चे पर पूरी तरह से फेल है।



### अभा मारवाड़ी सम्मेलन का पारिवारिक गेट-टु गेदर सम्पन्न, डॉ सुभाष अग्रवाल सहित अनेक हुए शामिल



**चमकता राजस्थान/बेंगलूरु।** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, बेंगलूरु की प्रोफेशनल शाखा द्वारा सदस्यों एवं उनके परिवारजनों के लिए एक विशेष गेट-टु गेदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बेंगलूरु स्थित सैंक्री क्लब में सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन से जुड़े सदस्यों और उनके परिवारों के बीच आपसी परिचय, संवाद एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुभाष अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बेंगलूरु प्रोफेशनल ब्रांच के अध्यक्ष दीपक जैन तथा सचिव महेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रक ाश डाला। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, विकास एवं सामूहिक प्रगति जैसे विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। इस मिलन समारोह ने सदस्यों को आपस में अनुभव साझा करने, संवाद स्थापित करने तथा दीर्घकालिक सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी समाज में सहयोग, सहभागिता एवं संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। नीलम अग्रवाल, मयूर कनोदिया, सोनम, रचित अग्रवाल, रचना, श्याम अग्रवाल, पवन सुरुचि केजरीवाल, आकाश, संजय अग्रवाल व अमृता अग्रवाल सहित अनेक मौजूद रहे।

# भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी आत्मा है, जिसमें अमूल्य ज्ञान सुरक्षित : स्वामी ज्ञानेश्वरपुरीजी

चमकता राजस्थान



**बीकानेर।** अभय जैन ग्रंथालय में एक गरिमामय एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व गुरुदीप आश्रम, जयपुर के महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरीजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी आत्मा हैं, जिनमें वेद, दर्शन, विज्ञान, आयुर्वेद और सामाजिक मूल्यों का अमूल्य ज्ञान सुरक्षित है। यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से कट जाएंगी। उन्होंने पांडुलिपि संरक्षण को राष्ट्र सेवा का कार्य बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग से इसमें सहभागिता का आह्वान किया। इस दौरान अभय जैन ग्रंथालय के निदेशक ऋषभ नाहटा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के माध्यम से ग्रंथालय में चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मिशन भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित कर उसे वैश्विक मंच तक पहुँचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम का संचालन मोहित बिस्सा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणतंत्र दिवस की भावना, भारतीय संविधान, सांस्कृतिक चेतना एवं पांडुलिपि संरक्षण जैसे विषयों पर सार्थक जोर दिया गया।
इस अवसर पर एडवोकेट रविन्द्र बरडिया, डॉ. संदीप व्यास, लव कुमार देराश्री, नवरत्न चोपड़ा, मोहित बिस्सा, लक्ष्मी कांत उपाध्याय, गौरव आचार्य, जसवंत सिंह एवं वीरेंद्र सहित अनेक प्रबुद्धजन, शोधार्थी एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का समापन भारतीय सांस्कृतिक धरोहर, ज्ञान परंपरा एवं पांडुलिपि संरक्षण को राष्ट्र निर्माण का अभिन्न अंग मानते हुए उसे सुरक्षित रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय बजट 2026 दिशाहीन, जनविरोधी,

- **किसान-विरोधी और राजस्थान के साथ भेदभावपूर्ण : डूंगरराम राम गेदर**

**चमकता राजस्थान/भरतपुर। ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम राम गेदर ने आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 को पूरी तरह निराशाजनक बताते हुए कहा कि यह बजट आमजन, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। उन्होंने कहा कि बजट में न तो देश की वास्तविक आर्थिक परिस्थितियों की समझ दिखाई देती है और न ही वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए कोई ठोस एवं दूरदर्शी योजना प्रस्तुत की गई है।



विधायक गेदर ने कहा कि बढ़ती महंगाई, रुपये की गिरती स्थिति और अकव ऑटोमेशन के कारण उत्पन्न हो रही बेरोज़गारी जैसे गंभीर मुद्दों पर बजट पूरी तरह मौन है। युवाओं के लिए रोजगार, किसानों की आय और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कोई प्रभावी प्रावधान नहीं किए गए, जिससे देशभर में निराशा का माहौल है। बजट के बाद शेयर बाज़ार में आई गिरावट भी निवेशकों के घटते भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट 2026 में राजस्थान के साथ एक बार फिर सौतेला व्यवहार किया गया है। बजट भाषण में राजस्थान का उल्लेख तक न होना प्रदेश की जनता के साथ हो रहे अन्याय को उजागर करता है।

### रावणा राजपूत समाज महा संगठन की बैठक हुई आयोजित



**चमकता राजस्थान/रावणा।** राजपूत समाज महा संगठन के तत्वावधान में आज शांति नगर पार्क हसनपुरा जयपुर में अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी समय में युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा के लिए गोविन्द सिंह चौहान के संयोजन में कमेटी का गठन सर्व सहमति से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजावत ने संगठन विस्तार कि प्रक्रिया में जयपुर जिले का अध्यक्ष रूप सिंह गौड़ को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जयपुर के अध्यक्ष रूप सिंह गौड़, आयोजन कमेटी के संयोजक गोविन्द सिंह चौहान का अभिनन्दन किया। रावणा राजपूत समाज महा संगठन के अध्यक्षों ने आगामी जनगणना के समय समाज बन्धुओं से सजग व सतर्क रहें पर बल दिया, अन्त में विक्रम सिंह पंवार महासचिव रावणा राजपूत समाज महा संगठन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### संत शिरोमणी गुरू रविदास जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित



**चमकता राजस्थान/भरतपुर । ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** प्राचीन शिव मंदिर अम्बेडकर पार्क सूरजपोल चोराहे पर महान गुरू संत शिरोमणि रविदास जयंती की 649वीं पावन पर्व पर जन्म जयन्ती डॉ. भीमराव अम्बेडकर सूरजपोल जाटव समाज सेवा समिति भरतपुर के अध्यक्ष दौलत सिंह रिटायर्ड लोको पायलट की अध्यक्षता में बडी धूमधाम से मनाई गई। एवं उनके जीवन दर्शन पर विस्तार पूर्वक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। समिति के संयोजक डॉ. भंवर सिंह ने संत रविदास की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलित कर व पुष्पमाला पहनाकर पुष्प वर्षा कर ने बताया कि संत शिरोमणी गुरू रविदास जी ने भारतीय समाज में गैर बराबरी सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ संत वाणी के द्वारा गहरा प्रहार किया गया । संत रविदास जी के जयकारों से डॉ. अम्बेडकर पार्क गूंज उठा। बजलाल जाटव ने बताया कि संत रविदास ने सामाजिक बुराईयों को दूर करने व समाज को एकता का संदेश देने वाला संत बताया और उन्होंने 'मन चंगा तो खटौटी में गंगा'। मा० अमरनाथ केन ने कहा कि संत रविदास ने मनुवाद व पाखण्डवाद को मिटाने का काम किया और वे हमेशा सत्य के रास्ते पर चलने को कहते थे। इस कार्यकम में ब्रजलाल जाटव, जियालाल उपाध्यक्ष, भंवर सिंह टेलर, अमरनाथ केन, दिलावर, हरीश, राजू, दिनेश, अमरचंद ठेकेदार, हरिराम, होती सिंह, गोतम, महेन्द्र सिंह केन, रूपसिंह केन, बम्पर सेवादास, रूपसिंह पेंटर, ओंकार सिंह, जीतू, राजू, सतीश आदि मौजूद थे।

### सहारनपुरः सपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प के साथ मनाई संत रविदास एवं संत नरहरी महाराज की जयंती

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** अंबाला रोड स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज एवं संत शिरोमणि नरहरी महाराज की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने संतों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने संतों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि इन महापुरुषों ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव की कुरीतियों को जड़ से मिटाकर समानता और आपसी भाईचारे का कालजयी संदेश दिया है, जो आज के दौर में भी समाज का मार्गदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री विनोद तेजियां और वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार प्रधान ने जोर देकर कहा कि संत रविदास महाराज सर्व समाज के प्रेरणास्रोत हैं और उनके मानवतावादी विचार समाज को मजबूती प्रदान करते हैं। वहीं, रतन यादव और कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने संतों की वाणी को सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बताया। इस गरिमामय कार्यक्रम में सुरेश गुर्जर, चौधरी अब्दुल गफूर, राजकुमार घटडा, काशिफ अल्वी, अवनीश गौतम, अमन, रजत गौतम, शाहिद मंसूरी, दक्ष यादव और सतीश गौतम सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 निराशाजनकः डोटासरा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने निराशाजनक बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेशवासियों को डबल इंजन सरकार बनने पर विकास का भरोसा दिलाया था किन्तु इस बजट में राजस्थान के विकास के लिए कोई प्रावधान और घोषणा नहीं हुई और ना ही कोई राष्ट्रीय परियोजना प्रदेश को मिली, ना ही किसी योजना के लिए विशेष पैकेज प्रदेश को केन्द्र सरकार के बजट में मिला है। ईआरसीपी जैसी महत्वकांक्षी परियोजना का राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं होना तथा जल जीवन मिशन के तहत कोई विशेष पैकेज नहीं मिलना राजस्थान वासियों के साथ केन्द्र द्वारा किए गए सौतेले व्यवहार का बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दुगुनी करने का वादा 2014 में किया था किन्तु आज भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए थोथी घोषणा कर वाहवाही लूटना चाहते है। इस बजट की घोषणाओं में भी राजस्थान के किसानों द्वारा उगायी जाने वाले फसलों व उत्पादों को शामिल नहीं कर प्रदेश के किसानों के हितों के साथ कुठाराघात किया गया है। पर्यटन के क्षेत्र में भी राजस्थान के लिए किसी प्रकार की राहत भरी घोषणा नहीं की गई जबकि राजस्थान में भरपूर सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर है किन्तु बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम सहित समस्त पुरा महत्व के स्थानों को ट्यूरिस्ट हब की योजना से महरूम रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बुलेट ट्रेन की घोषणा वर्षों पूर्व कर चुके है अब सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणाएं हुई है किन्तु हाईस्पीड रेल कॉरिडोर और फ्रेट कॉरिडोर से राजस्थान प्रदेश को वंचित रखा गया है।

### हमारा मकसद सनातन संस्कृति की रक्षा करना है : निर्मल गोयल



**चमकता राजस्थान/अमरदीप सैन डीग।** बृज की रज अपने आप में निराली है।हमारी संस्कृति में बताया गया है कि गाय में 36 करोड़ देवी देवताओं का निवास होता है।इसलिए हमें गाय माता की सेवा करनी चाहिए यह शब्द डीग शहर के कामां रोड़ पर रविवार को परम पूज्य पंडित मुरारी लाल पाराशर मंहत लक्ष्मण मंदिर डीग की प्रेरणा से आचार्य पंडित गणेश दत्त पाराशर के सानिध्य में जीवन ज्योति दीर्घ गौशाला बृज लठावन धाम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए समाज सेवी निर्मल गोयल ने कहे। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद गौ संवर्धन और संरक्षण गौरक्षार्थ लोगों को जागरूक कर सनातन संस्कृति की रक्षा करना है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे अपनी जन्मभूमि की सेवा करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।इस मौके पर कार्यक्रम से पूर्व प्रातः 8 बजे सुन्दर काण्ड एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।और अतिथियों का राकेश आराधना वाले,बंटी बंसल,सुभाष पेट्रोल पंप वाले द्वारा अतिथियों का माला एवं प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।इस मौके पर गौशाला के प्रेरणास्त्रोत लक्ष्मण मंदिर के मंहत पंडित मुरारी लाल पाराशर ने कहा कि गौ भूमि पर किया गया हर पुण्य कर्म कई गुना फल देता है। गौ सेवा करने से शरीर रोमांचित हो हृदय गदगद हो वही सच्ची गो सेवा है। कार्यक्रम में संत शिवराम दास जी महाराज ने भी गौ माता के ऊपर अपने विचार व्यक्त किए।

### पार्षद प्रत्याशी बजरंग लाल कुमावत ने जताया आभार पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की सक्रियता से सुरक्षित हुआ धोली मंडी-रावण गेट मार्ग



**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/ चौमूं।** क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए पहचाने जाने वाले पूर्व विधायक एवं राजस्थान मुख्य प्रदेश प्रवक्ता श्री रामलाल शर्मा का स्थानीय निवासियो ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। शर्मा के हस्तक्षेप के बाद धोली मंडी से रावण गेट तक के खतरनाक डिवाइडरों का कायाकल्प हो गया है, जिससे अब यह मार्ग हादसों से मुक्त और सुरक्षित हो गया है।गौरतलब है कि धोली मंडी से रावण गेट के बीच सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर लंबे समय से उपेक्षित थे। इन पर कलर या रिफ्लेक्टर न होने के कारण रात के अंधेरे में ये वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते थे। इसके परिणामस्वरूप यहाँ छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं आम बात हो गई थी, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी चिंता थी। बजरंग कुमावत की पहल पर हुआ समाधान इस गंभीर समस्या को देखते हुए पार्षद प्रत्याशी बजरंग कुमावत ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से मुलाकात की और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। रामलाल शर्मा ने मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करवाई। उनके निर्देशों के बाद युद्ध स्तर पर डिवाइडरों पर पेंट का कार्य पूरा किया गया। कुशल नेतृत्व की सराहना पार्षद प्रत्याशी बजरंग कुमावत ने आभार जताते हुए कहा, ₹जनता की छोटी से छोटी समस्या को गहराई से समझना और उस पर तुरंत कदम उठाना रामलाल जी शर्मा की कार्यशैली का हिस्सा है। आपके कुशल नेतृत्व के कारण ही क्षेत्र की इस पुरानी समस्या का समाधान संभव हो सका है।''

### बामरला में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह, सेवानिवृत्त शिक्षक का सम्मान

- **ग्रामोदय डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ. पूनमारामजी सियोल को मानद पीएचडी उपाधि पर किया सम्मानित**



**चमकता राजस्थान/रामाराम पावड़/बामरला/बाड़मेर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बामरला में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह गरिमामय एवं भावुक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। समारोह के दौरान विद्यालय के आदरणीय गुरु श्री गेनसिंह जी चौहान के राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं ग्रामोदय डिग्री कॉलेज बामरला के निदेशक डॉ. पूनमाराम जी को मानद पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया। अतिथियों द्वारा दोनों विशिष्टजनों को माला पहनाकर, साफा बाँधकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्री ठाकराराम जी भांभू ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले संस्कार भी प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य, ग्रामवासी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सादगी एवं गरिमा के साथ किया गया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं स्टाफ बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## बजट से आम जनता निराश, न रोज़गार का प्लान, न किसानों को राहतः मुरारी लाल मीना

चमकता राजस्थान



**रिवेन्द्र कुमार शर्मा**

1. यह बजट राजस्थान के साथ घोर अन्याय है।

इस बजट में राजस्थान को कोई विशेष पैकेज, कोई बड़ी परियोजना और कोई ठोस घोषणा नहीं मिली। यह सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए निराशाजनक बजट है।

2. यह बजट युवाओं, महिलाओं और किसानों झ तीनों को निराश करने वाला है।

सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन ज़मीन पर युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सुरक्षा और आत्मनिर्भरता तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस रोडमैप इस बजट में दिखाई नहीं देता।

3. ''25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला'' – वही पुराना जुमला।

हर बजट में सरकार यही दोहराती है, लेकिन आज भी बेरोजगारी, महंगाई और कर्ज़ से आम आदमी जूझ रहा है।

2047 तक ''विकसित भारत'' का सपना भी कहीं एक और जुमला बनकर न रह जाए, इसकी चिंता इस बजट ने और बढ़ा दी है।

4. शिक्षा और रोजगार के लिए उच्च स्तरीय समिति – सिर्फ कागज़ी घोषणा।

समितियाँ बनती रही हैं, रिपोर्टें आती रही हैं, लेकिन न रोजगार बढ़ा और न शिक्षा की गुणवत्ता। यह घोषणा भी एक और जुमला साबित होने वाली है।

5. किसानों की आय बढ़ाने के दावे खोखले हैं।

डेयरी, पोल्ट्री फार्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिये किसानों की आय बढ़ाने की बात कही गई है, लेकिन छोटे और सीमांत किसानों को इससे क्या और कैसे लाभ मिलेगा, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।

6. स्वास्थ्य के नाम पर आधा-अधूरा बजट।

कैंसर और डायबिटीज की कुछ दवाइयाँ सस्ती करना स्वागतयोग्य है, लेकिन देश तेजी से ''डायबिटीज कैपिटल'' बनता जा रहा है।

बीमारी रोकने, जीवनशैली सुधारने और प्राथमिक स्वास्थ्य पर सरकार का कोई विजन इस बजट में नहीं दिखता।

कुल मिलाकर यह बजट पूरे राजस्थान और पूरे देश के लिए निराशाजनक, दिशाहीन और जनविरोधी बजट है।

### नकबजनी के खिलाफ पाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल। सादड़ी/पाली।** ऑपरेशन गुप्त व प्रहार के तहत पाली पुलिस ने कस्बा सादड़ी में हुई नकबजनी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय कुख्यात 'सिकलीगर गैंग' के मास्टरमाइंड सहित तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त केआईए कार को भी जब्त किया है। उप निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना सादड़ी, जिला पाली श्री शिवनारायण ने बताया कि दिनांक 21.01.2026 की मध्यरात्रि को कस्बा सादड़ी में एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने सोने-चांदी के कीमती जेवरात एवं करीब तीन लाख रुपये नकद चोरी कर लिए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पाली के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली श्री चैनसिंह मेहड़ा के निकट सुपरविजन एवं वृत अधिकारी बाली श्री पारस राम के निर्देशन में पुलिस थाना सादड़ी पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

थानाधिकारी श्री शिवनारायण के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी सहायता व सूचना संकलन के आधार पर संदिग्धों की पहचान की और लगातार निगरानी रखते हुए कारवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने 'सिकलीगर गैंग' के मुख्य सरगना परेश उर्फ शिवा बाघेला सहित उसके दो साथी सोनूराम एवं कमलेश को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को प्रकरण संख्या 16/2026 थाना सादड़ी में गिरफ्तार किया गया है तथा वारदात में प्रयुक्त ङक्ख्न कार को भी जब्त किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि 'सिकलीगर गैंग' एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह है, जिसके विरुद्ध गुजरात राज्य के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, लूट, शराब तस्करी एवं चैन स्नैचिंग के दर्जनों प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों से प्रकरण में चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी की बरामदगी को लेकर गहन पूछताछ जारी है। साथ ही गैंग से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश एवं धरपकड़ के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। आरोपियों से अन्य चोरी एवं नकबजनी की वारदातों के संबंध में भी तकनीकी व मनोवैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ की जा रही है, जिससे आने वाले समय में और मामलों के खुलासे की संभावना है।

### अविस्मरणीय प्रस्तुतियों के साथ हुआ 'आयो बसंत' कार्यक्रम का समापन




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान द्वारा वेस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर, नॉर्थ ज़ोन कल्चरल सेंटर एवं उस्ताद इमामुद्दीन ख़ान डागर म्यूज़िक एंड कल्चरल सोसायटी के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'आयो बसंत' का समापन कला, साहित्य और सृजनात्मक संवेदनाओं से सजी एक यादगार सांझ के साथ हुआ। दूसरे दिन महोत्सव ने विचार, भाव और अभिव्यक्ति के अनेक रंगों को एक मंच पर समेटते हुए दर्शकों को सृजन के गहरे अनुभव से जोड़ा।

महोत्सव के दिन का आरंभ कृष्णायन, जवाहर कला केंद्र में आयोजित पेपर फ्लावर मेकिंग वर्कशॉप से हुआ। सुश्री अनुपमा के कुशल संचालन में प्रतिभागियों ने कागज़ के माध्यम से सौंदर्य और कल्पना को आकार देना सीखा। युवाओं, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यशाला को जीवंत संवाद और रचनात्मक ऊर्जा से भर दिया।

शाम का समापन सत्र रंगायन सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में आईएएस सुश्री श्रेया गुहा ने अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों का स्वागत करते हुए कहा कि 'आयो बसंत' जैसे आयोजन कला और साहित्य को केवल मंच नहीं देते, बल्कि समाज को संवेदनशील और रचनात्मक सोच से जोड़ने का कार्य करते हैं।

समापन संध्या की विशेष प्रस्तुति 'बात पश्मीने की' ने दर्शकों को मशहूर शायर-फिल्मकार गुलज़ार की रचनात्मक दुनिया में ले जाने का कार्य किया। मल्टीमीडिया माध्यम से प्रस्तुत इस कार्यक्रम में गुलज़ार के जीवन प्रसंग, स्मृतियाँ और उनकी साहित्यिक यात्रा के आत्मीय क़िस्से सामने आए। उनके द्वारा रचित कालजयी गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने सभागार को भावनाओं से भर दिया और श्रोताओं को देर तक अपनी गिरफ्त में बनाए रखा।

## इज्तिमाई शादी सम्मेलन हुआ सपन्न, 14 जोड़े बंधे निकाह बंधन मे

चमकता राजस्थान

डग-1फरवरी(कुन्दन व्यास) । डग कस्बें के मुस्लिम समुदाय द्वारा रविवार को जनाब अल्हाज हजरत बाबा अब्दुल गफुर शाह साहब की बरसी के उपलक्ष मे अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा भवानीमण्डी रोड़ स्थित बड़ा खेल मैदान में 14 वा इज्तिमाई शादी समेलन का आयोजन किया गया। समेलन मे राजस्थान व मध्यप्रदेश के आगर,बड़ोद,सुसनेर,



मंदसौर,पिपलोन,व डग, चौमहला,गगधार सहित क्षैत्र के 14 जोड़ो के निकाह की पवित्र रस्म अदाई की गई। सम्मेलन मे नायब काजी हाजी मुबारक साहब,हाफिज हसनरजा, हाफिज नफिस साहब ने दूल्हों को निकाह पड़ा कर रस्म अदा करवाई।

- **14 जोड़ो को दिए घर गृहस्थि के सामान**

निकाह की रस्म मे बंधे 14 जोड़ो को विवाह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा घर गृस्थि के सामान दिए गए।वही कस्बे के समाज सेवी लोगो ने सम्मेलन सफल बनाने मे अपना योगदान दिया।

- **समेलन बना साप्रदायिक सोहाद्र का प्रतीक**

समाज द्वारा सम्मेलन मे कस्बे के सभी वर्गो के लोगो ने निकाह बन्धन मे बंधे जोड़ो को आर्शिवाद दिया।वही सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तन मन धन से अपना योगदान देकर सम्मेलन को सामप्रदायिक सोहाद्र का प्रतीक बनाया । मुस्लिम समुदाय का विवाह समेलन सपन्न हुआ।सम्मेलन मे क्षैत्र के जनप्रतिनिधी एवं गणमान्य नागरिक मौजुद रहे । वहीं अन्जुमन कमेटी सदर अब्दुल रहीम गुड्डु,पूर्व सदर अमान खान,पूर्व उपसरपंच इरफान मुलतानी, उषाक पटेल, शेख शेरमोहम्मद,राजस्थान मध्यप्रदेश के कस्बों से आए सदर,नायब सदर भी मौजुद रहे । वही समाज के समेलन को सफल बनाने के लिए व्यवस्था हेतु चिकित्सा विभाग की टीम, पुलिस प्रशासन,समाज के विभिन्न ग्रुपों ने अपना सहयोग दिया ।

### अंतर्मना आचार्य 108 प्रसन्न सागर एवं सुंदर सागर से लिया आशीर्वाद

# भगवत जिनेंद्र महा अर्चना महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की सहभागिता

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को मानसरोवर बीटी रोड स्थित ग्राउंड में भव्य रूप से आयोजित भगवत जिनेंद्र महा अर्चना महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में सहभागिता कर धार्मिक अनुष्ठान में आहुति दी। इस अवसर पर उन्होंने अंतर्मना आचार्य 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं अंतर्मना आचार्य 108 सुंदर सागर जी महाराज को श्रद्धापूर्वक श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि इस प्रक ार के आध्यात्मिक और धार्मिक



आयोजनों से समाज में अहिंसा, शांति, सद्भाव एवं नैतिक मूल्यों का सशक्त संदेश जाता है।

### वैश्विक शांति व मानव कल्याण की कामना:- देवनानी

महायज्ञ जैसे आयोजनों से न केवल आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है, बल्कि मानवता, विश्व शांति और सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है ।उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जैन दर्शन एवं संस्कृति भारत की प्राचीन आध्यात्मिक विरासत है, जो आत्मशुद्धि, संयम और करुणा का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन, साधु-संत, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम शांत, भक्तिमय एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से विश्व कल्याण की प्राર્थना की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित भारत' के नाम पर आमजन से विश्वासघात

**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/पाली।** संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट को लेकर पाली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इस बजट को दिशाहीन, जनविरोधी और आमजन की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' का नहीं, बल्कि आम आदमी के लिए 'आपदाकाल' का बजट साबित होगा।



निम्बाड़ा ने कहा कि बजट में शब्दों की चमक तो बहुत है, लेकिन गरीब की थाली, किसान की फसल और युवा के रोजगार की चिंता पूरी तरह नदारद है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने एक बार फिर जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ते हुए जनता को ''आंकड़ों की बाजीगरी'' में उलझाने का काम किया है। न तो बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने का कोई ठोस रोडमैप है और न ही बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की कोई मजबूत गारंटी।

पाली और मारवाड़ की फिर अनदेखी

निम्बाड़ा ने विशेष रूप से पाली जिले और मारवाड़ क्षेत्र की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस बजट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि केंद्र सरकार का रवैया इस क्षेत्र के प्रति सौतेला है। उन्होंने कहा कि पाली का टेक्सटाइल उद्योग पहले से ही प्रदूषण और मंदी की दोहरी मार झेल रहा है, ऐसे में उसे उबारने के लिए विशेष पैकेज की सख्त जरूरत थी, लेकिन बजट में इस पर पूरी तरह चुप्पी साध ली गई।

उन्होंने आगे कहा कि जवाई बांध के पुनर्भरण और क्षेत्र की गंभीर पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया, जो यहां की जनता के साथ सीधा छलावा है।

### ग्राम उत्थान शिविर: ग्रामीण विकास की दिशा में प्रभावी पहल

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** लगेतखेड़ा, डूंगरखेड़ा, देवलीकला, निंबोल, किराप, जामोला, पाटन एवं बराखन ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीणों के लिए विकास और जनकल्याण का सशक्त मंच बनकर उभरे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों को न केवल विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, बल्कि मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

इन शिविरों में 71 जनप्रतिनिधि, 190 विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा 8,057 प्रतिभागी शामिल हुए। कुल 8 शिविरों के माध्यम से कृषि, पशुपालन, ऊर्जा, सहकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित अनेक विभागों की योजनाओं को एक ही मंच पर क्रियान्वित किया गया।

प्रमुख उपलब्धियाँ

तारबंदी आवेदन स्थिति की जानकारी: 3,031
फार्म पॉण्ड आवेदन: 2,010
बैलों से खेती योजना आवेदन: 1,305
फसल बीमा जानकारी: 4,626
एमएसपी जानकारी: 3,117
सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण: 648
मिनी किट वितरण सत्यापन: 2,552
सोलर पंप आवेदन तैयार: 18
मृदा स्वास्थ्य कार्ड बना किसान की समृद्धि का आधार

### केन्द्रीय बजट 2026-27 से आमजन को कोई राहत नहीं

- **विकास के खोखले दावों के साथ केन्द्र सरकार का बजट फिर फेल:- राज्यसभा सांसद नीरज डाँगी**

**चमकता राजस्थान/जयपुर/नई दिल्ली! (खलील कुरैशी)। 01 फरवरी।** राज्यसभा सांसद नीरज डाँगी ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट-2026 को आमजन की अपेक्षाओं के विपरीत बताते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और महंगाई जैसे बुनियादी मुद्दों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। आयकर स्लैब में कोई बदलाव न होने से मध्यमवर्ग को भी कोई राहत नहीं मिली।उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल, सोना-चांदी और डॉलर की बढ़ती कीमतों पर बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। राजस्थान में भाजपा की सरकार होने के बावजूद राज्य के विकास के लिए भी कोई विशेष घोषणा नहीं की गई, जो निराशाजनक है ।नीरज डाँगी ने बजट को घोषणाओं का पुलिंदा बताते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में की गई अधिकांश घोषणाओं पर आज तक अमल नहीं हुआ। रोज़गार सृजन को लेकर एमएसएमई, औद्योगिक क्षेत्र व अन्य सेक्टरों की बात जरूर की गई है, लेकिन प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का पुराना वादा आज भी अधूरा है ।उन्होंने कहा कि मनरेगा (वीबी-जी राम जी योजना) को लेकर किसानों व श्रमिकों की मांगों की बजट में अनदेखी की गई है, जिससे सरकार का किसान-श्रमिक विरोधी रवैया उजागर होता है। बजट से गरीब-अमीर की खाई और बढ़ी है तथा महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया ।सांसद डाँगी ने कहा कि कुछ दवाएं सस्ती करने की घोषणा मात्र दिखावा है, जबकि दवाओं की मनमानी कीमतों पर अंकुश को लेकर कोई ठोस नीति नहीं है। बजट भाषण में भी प्रमुख योजनाओं के लिए आवंटन को लेकर पारदर्शिता का अभाव रहा ।उन्होंने निष्कर्ष निकालते हुए कहा कि किसान, महिलाएं, युवा और मध्यमवर्ग को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन केन्द्र सरकार किसी भी वर्ग को वास्तविक राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। यह बजट एक बार फिर फीका और निराशाजनक साबित हुआ।



### आर्द्रभूमियों से सीधा संवाद, संरक्षण का सशक्त संदेश

# जयपुर बर्ड फेस्टिवल - 2026 का भव्य समापन

### सांभर - नालियासर - मेनार सहित वेटलैंड्स में बर्ड वॉचिंग, राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी)।** ग्रीन पीपल सोसायटी, जयपुर चैप्टर द्वारा राजस्थान वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित जयपुर बर्ड फेस्टिवल - 2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। फेस्टिवल के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रदेश की प्रमुख आर्द्रभूमियों–सांभर साल्ट लेक, नालियासर, मेनार, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर) एवं तालछापर अभयारण्य (चूरू)–का फील्ड विजिट कर पक्षियों और प्रकृति से सीधा संवाद स्थापित किया।





- **सांभर झील में हजारों पक्षियों की मौजूदगी**

नालियासर और सांभर साल्ट लेक भ्रमण के दौरान 'बग्गी ट्रेन' से झील के मध्य क्षेत्र तक पहुंचकर प्रतिभागियों ने विशाल पक्षी जमावड़ा देखा। स्थानीय गाइड्स के अनुसार क्षेत्र में 20 हजार से अधिक प्रवासी एवं स्थानीय पक्षी मौजूद हैं, जो वेटलैंड्स की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण है।

- **50 से अधिक प्रजातियों का अवलोकन**

फील्ड विजिट के दौरान पाइड एवोसेट, नॉर्दर्न शोवलर, पिंटेल, स्पूनबिल, फ्लेमिंगो, पेलिकन, कॉरमोरेंट, ग्रे हेरॉन, किंगफिशर, बार-हेडेड गूज, ग्रेलेग गूज, रुडी शेलडक सहित 50 से अधिक प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए गए।



- **राज्य स्तरीय कार्यशाला में संरक्षण पर मंथन**

कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामडोली में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में रेप्टर्स, आउल और वेटलैंड्स संरक्षण पर गहन विमर्श हुआ ।वरिष्ठ पक्षीविद् डॉ. असद रहमानी ने वेटलैंड्स की वर्तमान चुनौतियों पर चिंता जताई, जबकि राजपाल सिंह ने अतिक्रमण, जल संकट और अनियंत्रित पर्यटन को बड़ा खतरा बताया ।डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सीईओ रवि सिंह ने बर्ड फेस्टिवल जैसे आयोजनों को सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम बताया।

- **पुस्तक विमोचन एवं वैज्ञानिक प्रस्तुतियां**

रेप्टर्स विशेषज्ञ रातुल शाह की पुस्तक ''Falcons of India'' का विमोचन किया गया। आउल एक्सपर्ट डॉ. प्राची मेहता ने उल्लुओं की जीवन शैली और पारिस्थितिकी भूमिका पर जानकारी साझा की। पद्मश्री अनूप शाह ने फोटोग्राफी को संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया।

- **अभिनेता राहुल सिंह का संदेश**

बॉलीवुड अभिनेता राहुल सिंह ने युवाओं से पक्षी एवं पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की, जिससे फेस्टिवल में विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## डॉ. मोनिका शर्मा को किया गया अहिल्याबाई होल्कर प्रेरक मातृ शक्ति अवार्ड - 2026 से सम्मानित

### बेटी सम्मान महोत्सव में उत्कृष्ट पत्रकारिता, स्पष्टवादिता व समाजसेवा का हुआ गौरवपूर्ण सम्मान

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** वरिष्ठ समाजसेवी, पिंक सिटी प्रेस की उपाध्यक्ष एवं प्रख्यात पत्रकार डॉ. मोनिका शर्मा को उनकी निष्पक्ष, निर्भीक और पारदर्शी पत्रकारिता के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए अहिल्याबाई होल्कर प्रेरक मातृ शक्ति अवार्डझ2026 से अलंकृत किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था द्वारा जयपुर में आयोजित बेटी सम्मान महोत्सव के अवसर पर प्रदान किया गया ।समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मोनिका शर्मा ने पत्रकारिता को केवल सूचना का माध्यम न बनाकर उसे सामाजिक सरोकारों, महिला सशक्तिकरण, जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जोड़ा है। उनकी लेखनी में स्पष्टवादिता, तथ्यपरकता और सामाजिक जिम्मेदारी का समन्वय दिखाई देता है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है।



- **समाजसेवा व महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान**

डॉ. मोनिका शर्मा लंबे समय से सामाजिक कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने महिला अधिकारों, बेटियों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। उनके सतत प्रयासों से अनेक सामाजिक अभियानों को नई दिशा और ऊर्जा मिली है।

- **सम्मान पाकर व्यक्त किया कृतज्ञता भाव**

सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. मोनिका शर्मा ने आयोजन से जुड़े सभी आयोजकों, संस्था पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे भविष्य में भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज और पत्रकारिता के मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करती रहेंगी। साथ ही उन्होंने सभी मातृशक्तियों को नमन करते हुए उनके योगदान को समाज की वास्तविक शक्ति बताया ।बेटी सम्मान महोत्सव का यह आयोजन समाज में नारी सम्मान, प्रेरणा और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध हुआ।

## प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के उचित प्रबंधन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट: 2026-27

### विकसित भारत की दिशा में सकारात्मक ऐतिहासिक कदम

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर निर्णायक और ऐतिहासिक कदम बताते हुए भाजपा के केद्दावर नेता एवं सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि यह बजट देश के 145 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाला है ।उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण, समावेशी विकास और सामाजिक संतुलन का संतुलित समन्वय इस बजट को विशेष बनाता है। यह बजट विकसित भारतझ2047 के संकल्प को साकार करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

- **विकसित भारत - 2047 के संकल्प को साकार करने वाला जनकल्याणकारी बजट :- स्वामी सुमेधानंद सरस्वती**



- **युवा, नारी, किसान और गरीब–सबके लिए सशक्त प्रावधान**

» स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि बजट में युवा शक्ति, नारी सशक्तिकरण, किसान कल्याण और गरीबों के उत्थान हेतु की गई घोषणाएँ देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेंगी। रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर सृजित कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह बजट निर्णायक भूमिका निभाएगा।

- **MSME, इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल भारत को नई गति**

» उन्होंने बताया कि बजट में टरटए क्षेत्र को मजबूती, इंफ्रास्ट्रक्चर के व्यापक विस्तार, किसान हितैषी योजनाओं को नई गति तथा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान भारत को विकसित राष्ट्र की ओर तेज़ी से अग्रसर करेंगे।' सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को मिला बल स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि यह बजट सरकार के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी और दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# ग्रामोत्थान शिविरों से बढ़ी पैदावार, सेवाराम की खुशियां हुई दोगुनी

चमकता राजस्थान

जयपुर(खलील कुरैशी)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम पंक्ति में बैठे किसान के कल्याण हेतु गिरदावर सर्किल स्तर पर आयोजित किए जा रहे ग्रामोत्थान शिविर किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत जालसू, पंचायत समिति जालसू में ग्रामोत्थान शिविर का आयोजन किया गया।



- **पुनः जांच कर सौंपा गया नया मृदा स्वास्थ्य कार्ड**

शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी रामपुरा डाबड़ी अशोक रनवा द्वारा सेवाराम यादव के खेत की मिट्टी की पुनः जांच करवाई गई एवं अद्यतन मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया।

- **मुख्यमंत्री का जताया आभार**

किसान सेवाराम यादव ने इस प्रकार के जनहितकारी ग्रामोत्थान शिविरों के आयोजन हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया और इसे किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली पहल बताया।

- **मिट्टी जांच से बदली खेती की तस्वीर**

ग्राम लालगढ़ निवासी सेवाराम यादव पुत्र बंशीधर यादव वर्ष 2024 तक बिना मिट्टी की जांच कराए खेती करते थे, जिससे खेतों में अपेक्षित उत्पादन नहीं हो पा रहा था। कृषि पर्यवेक्षक जालसू ओमप्रकाश रैगर की सलाह पर सेवाराम ने अपने खेत की मिट्टी का नमूना जांच के लिए दिया और मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त किया।

- **कार्बनिक खाद से बढ़ी उपज**

मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दिए गए सुझावों के अनुसार सेवाराम यादव ने गोबर की सड़ी हुई खाद एवं जीवामृत का उपयोग कर मिट्टी में पोषक तत्वों की पूर्ति की। परिणामस्वरूप फसलों की गुणवत्ता एवं पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया और घर में खुशियां दोगुनी हो गईं।

### सरकारी योजनाओं का मंच तो सजा, लेकिन लाभार्थी ने दिखाई उदासीनता

# ताला जोड़ा में ग्राम उत्थान शिविर बना औपचारिकता, ग्रामीणों से अधिक कर्मचारी रहे मौजूद

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) ताला। ग्राम पंचायत मुख्यालय ताला जोड़ा में रविवार को आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था, लेकिन यह शिविर अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। स्थिति यह रही कि परिवादियों और लाभार्थियों की तुलना में कर्मचारियों की संख्या कहीं अधिक नजर आई, जिससे शिविर की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लग गया।



### अधिकारी समय पर पहुंचे, ग्रामीणों की भागीदारी रही कम

ताला गिरदावर सर्किल की ग्राम पंचायतों के लिए आयोजित इस शिविर का संचालन जमवारामगढ़ विकास अधिकारी एवं शिविर प्रभारी रमेशचंद मीणा के निर्देशन में तथा धौला नायब तहसीलदार अमित कुमार की उपस्थिति में किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारी निर्धारित समय पर शिविर स्थल पर पहुंचे, किंतु अपेक्षित संख्या में ग्रामीण उपस्थित नहीं हुए।

### एक परिसर में कई विभागों की सेवाएं देने की थी योजना

राज्य सरकार की मंशा के अनुसार इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाने का लक्ष्य रखा गया था। शिविर मेंकृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन एवं उद्योग विभाग की सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना थी।किसानों के लिए डिग्गी निर्माण, फार्म पोंड, ड्रिप व स्प्रिंकलर, सौर पम्प, फसल बीमा, सॉयल हेल्थ कार्ड, उन्नत बीज वितरण जैसी योजनाओं का लाभ देने का प्रावधान किया गया था, लेकिन इन योजनाओं का वास्तविक लाभ सीमित ही नजर आया।

### राजस्थान एग्री एंड टेक मीट अभियान से जुड़ा है शिविर

उल्लेखनीय है कि जमवारामगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में 23 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक इन शिविरों का आयोजन ''ग्राम 200'' अभियान के अंतर्गत राजस्थान एग्री एंड टेक मीट अभियान से जोड़कर किया जा रहा है, ताकि कृषि एवं ग्रामीण विकास को गति दी जा सके।

### ये अधिकारी-कर्मचारी रहे मौजूद

शिविर में सहायक विकास अधिकारी रेवडमल मीणा,बिजली विभाग से जेईएन जितेन्द्र मीणा,गिरदावर रामजीलाल मीणा,पटवारी चन्द्रप्रकाश मीणा,ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार मीणा,पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विष्णु पाराशर,वरिष्ठ कृषि अधिकारी कालूराम, सुमन जाट,लाइनमैन सिताराम मीणा,भैरूलाल, रामजीलाल मीणा,पटवारी मुकेश यादव सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं कुछ ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय बजट 2026:राजस्थान की अनदेखी, जनहित के क्षेत्रों में कटौती से निराशा :- रफीक खान

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि केंद्र सरकार का बजट सुनने के लिए मेरा दिल्ली जाना हुआ, लेकिन संसद में प्रस्तुत बजट ने उम्मीदों के विपरीत गहरी निराशा छोड़ी। बजट भाषण के दौरान यह साफ दिखाई दिया कि वित्त मंत्री के वाक्य पूरे होने से पहले ही सत्तापक्ष की ओर से मेज थपथपाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती थी, जिससे पूरा माहौल पूर्व-निर्धारित और स्क्रिप्टेड प्रतीत हुआ।



**● डेढ़ घंटे का भाषण, राजस्थान का नाम तक नहीं**

कांग्रेस विधायक रफीक खान ने कहा कि करीब डेढ़ घंटे लंबे बजट भाषण में एक बार भी राजस्थान का उल्लेख न किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा।इंफ्रास्ट्रक्चर, जल संसाधन, सड़क-रेल नेटवर्क और औद्योगिक विकास को लेकर राज्य को प्राथमिकता मिलने की अपेक्षा थी, लेकिन बजट में राजस्थान पूरी तरह हाशिये पर नजर आया।

**● हेरिटेज और टूरिज्म में भी उपेक्षा**

उन्होंने आगे कहा कि जब ल्वी१३ी और उ४'३४१ी ळ्ङ्ग४१२ जैसे विषय सामने आए, तब यह उम्मीद और प्रबल हुई कि राजस्थान का नाम अवश्य लिया जाएगा, लेकिन यहां भी राज्य को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। यह उस प्रदेश के साथ अन्याय है जो देश की सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख आधार है।

**● जनता से जुड़े क्षेत्रों में बजट कटौती**

रफीक खान ने इस बजट का सबसे चिंताजनक पक्ष यह रहा कि सरकार ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा सामाजिक विकास ग्रामीण विकास कृषि शहरी विकासजैसे आम जनता से सीधे जुड़े क्षेत्रों के बजट में कटौती की है। यह फैसला स्पष्ट रूप से जनहित के विरुद्ध और सामाजिक असंतुलन को बढ़ाने वाला है।

**● राजस्व और वैश्विक चुनौतियों पर मौन**

रफीक खान ने केंद्रीय बजट के बारे में आगे कहा बजट में न तो राजस्व बढ़ाने की कोई ठोस रणनीति दिखाई देती है और न ही महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से आम जनता को राहत देने वाला कोई प्रभावी कदम।अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे कड़े टैरिफ के जवाब में किसी स्पष्ट नीति की घोषणा न होना भी सरकार की विफलता को दर्शाता है।

### मशहूर फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर के बाहर गोलीबारी, मुंबई के हाई-प्रोफाइल इलाके में मचा हड़कंप

**मुंबई/एजेंसी।** मुंबई के जुहू इलाके में बॉलीवुड के मशहूर फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी के आवास के बाहर फायरिंग हुई। इस घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। जिस इलाके में यह घटना हुई, वह मुंबई का हाई-प्रोफाइल इलाका माना जाता है, जहां कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर हैं।



पुलिस के अनुसार, रोहित शेट्टी के जुहू स्थित टॉवर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मुंबई लोकल पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया।

इस सनसनीखेज घटना के बाद रोहित शेट्टी के आवास के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस हर आने-जाने वाले व्यक्ति पर नजर रख रही है और इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। राहत की बात यह है कि इस फायरिंग की घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि रोहित शेट्टी और उनका परिवार पूरी तरह सुरक्षित हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच को भी जांच में शामिल किया गया है। आरोपियों को पकडने के लिए क्राइम ब्रांच ने 12 टीमों का गठन किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना से जुड़े अहम सुराग मिल सकें।

मुंबई पुलिस ने बताया कि फिलहाल इस हमले के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और इस बात की तहकीकात की जा रही है कि आखिर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई इस फायरिंग के पीछे कौन है और इसका मकसद क्या था।

## नालंदा फाउंडेशन द्वारा संत शिरोमणि रैदास जी की 649वीं जयंती श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाई गई

### हंसराज तिराया, मनोहरपुर में संत रैदास की वाणी और दर्शन का हुआ स्मरण



चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर( खलील कुरैशी)।** नालंदा फाउंडेशन के तत्वावधान में संत शिरोमणि रैदास जी की 649वीं जयंती हंसराज तिराया, मनोहरपुर पर धार्मिक श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के भाव के साथ हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रैदास जी की वाणी, उनके आध्यात्मिक दर्शन और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

**● संत वाणी से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया ने संत रैदास जी की अमर पंक्ति ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत रैदास का संदेश आत्मशुद्धि, सच्चे कर्म और भक्ति के माध्यम से जीवन को पवित्र बनाने की प्रेरणा देता है।

**● बेगमपुरा' की अवधारणा में निहित है समता और करुणा:- राकेश हरकारा**

कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष एवं प्रवक्ता राकेश हलकारा ने संत रैदास के आध्यात्मिक और सामाजिक दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहाः ''बेगमपुरा शहर को नाउ। दुखु अंदोहु नहीं तिहि ठाउ॥'' उन्होंने बताया कि संत रैदास एक ऐसे आदर्श लोक की कल्पना करते हैं जहाँ न दुःख हो, न भय, न भेदभाव और न ही शोषण—जहाँ सभी मनुष्य समान हों और प्रेम, करुणा व सत्य का वास हो।

**● समानता और अन्न-सुरक्षा का संदेश**

यादव समाज के नगर अध्यक्ष महेश जड़वाल ने संत रैदास के दोहेः ''ऐसा चाहूँ राज में जहाँ मिले सबहूँ को अन्न,छोट-बड़ो सब सम बसे तो रैदास रहे प्रसन्न।''का स्मरण करते हुए कहा कि यह वाणी धर्म, सेवा और मानव कल्याण की भावना को सुदृढ़ करती है तथा समाज में समानता और सद्भाव की प्रेरणा देती है।

**● पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने संत शिरोमणि रैदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**● ये वरिष्ठ गणमान्य रहे मौजूद उपस्थित श्रद्धालुजन**

महेश जड़वाल, रफीक खान भिस्ती, राजू यादव, बलराम जाट, रोहिताश यादव, कालूराम बुनकर, खलील खान, बनवारी यादव, लीलाराम सोंकरिया, जाफर खान, सीताराम धोबी सहित अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार का बजट भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज

### रोजगार, विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करता बजट –सांसद राव राजेंद्र सिंह





### ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' की भावना को करता सशक्त :- आलोक बेनीवाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर ग्रामीण से सांसद राव राजेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ आम नागरिकों के सपनों को नई उड़ान देने वाला है।सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट देश के प्रत्येक नागरिक को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इसमें गरीब, किसान, युवा, महिला, श्रमिक, मध्यम वर्ग एवं उद्यमियों—सभी वर्गों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का संतुलित रूप से ध्यान रखा गया है।

**● रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण को मिलेगी नई दिशाः राव राजेंद्र सिंह**

उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्टार्ट-अप, उद्योगों को प्रोत्साहन एवं आधारभूत ढांचे के विस्तार पर विशेष फोकस किया गया है, जिससे युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे देश की विकास दर को मजबूती मिलेगी औरआत्मनिर्भर भारत का संकल्प और सशक्त होगा।

**● सर्वजन हितायझ्रसर्वजन सुखाय का सशक्त प्रतिबिंबः-आलोक बेनीवाल**

शाहपुरा के लोकप्रिय पूर्व विधायक भाजपा नेता आलोक बेनीवाल केन्द्रीय बजट पर अपना वक्तव्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट ''सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय'' की भावना का जीवंत उदाहरण है। बजट प्रावधानों में सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता दी गई है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचेगा।

**● भविष्य के भारत की मजबूत नींव रखने वाला बजटः-सुभाष जोशी**

भाजपा मीडिया प्रभारी जयपुर देहात उत्तर सुभाष जोशी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट आने वाले वर्षों में भारत को वैश्विक आर्थिक मंच पर और अधिक सशक्त बनाएगा। दीर्घकालिक योजनाओं और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से यह बजट देश की उन्नति, प्रगति और समृद्धि का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।

### डॉ. के.एल.कुमावत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

# चौमू प्रेस क्लब के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

### शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव से संगठन में एकजुटता और सकारात्मक संदेश

चमकता राजस्थान

**जयपुर/चौमू (खलील कुरैशी)।** प्रेस क्लब चौमू के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सर्वसम्मति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया, जिससे संगठन की एकता, पारदर्शिता और आपसी विश्वास का सशक्त संदेश गया।वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के.एल. कुमावत को सर्वसम्मति से प्रेस क्लब चौमू का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विकास शर्मा, महामंत्री पद पर बी.एल. भंडारी तथा कोषाध्यक्ष पद पर संदीप अग्रवाल को निर्विरोध चुना गया।



### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गरिमामय सम्मान

चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रेस क्लब परिसर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया। सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### पत्रकार हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः - डॉ. कुमावत

अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद डॉ. के.एल. कुमावत ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रेस क्लब को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा तथा निष्पक्ष व जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी।

### संगठन को सशक्त मंच बनाने का सामूहिक संकल्प

उपाध्यक्ष विकास शर्मा, महामंत्री बी.एल. भंडारी एवं कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने भी सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगठन हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने प्रेस क्लब चौमू को पत्रकारों का एक मजबूत, संगठित और प्रभावी मंच बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया

चुनाव अधिकारी जितेंद्र रागेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी सदस्यों की पूर्ण सहमति से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुए, जो प्रेस क्लब की लोकतांत्रिक परंपरा और संगठनात्मक परिपक्वता को दर्शाता है।

### वरिष्ठ पत्रकारों एवं गणमान्य पत्रकार बंधुओं की रही उल्लेखनीय उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिवाकर भारती, आशीष तिवाड़ी, रामवतार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, भगवान सहाय यादव, जयपाल सिंह, डॉ. सीताराम कुमावत, गजानंद कुमावत, विष्णु कुमावत, भाग सिंह, अहसान, कैलाश पाराशर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।चुनाव के सफल आयोजन से प्रेस क्लब चौमू में उत्साह, सकारात्मक वातावरण और संगठनात्मक मजबूती स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन 5 दिन से खराब , मरीजों को खासी परेशानी का करना पड़ रहा है सामना



**चमकता राजस्थान/धरम सिंह - झालावाड़।** जिला एसआरजी अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन पिछले पांच दिन से खराब है। इसके कारण मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को यह जांच कराने निजी सेंटरों पर जाना पड़ रहा है, जहां उनको 2 से 5 हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि जिला एसआरजी अस्पताल में यह जांच मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत निशुल्क होती है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 100 से अधिक सीटी स्कैन जांच होती है। महंगी जांच होने के कारण कुछ मरीज तो यह जांच करा ही नहीं रहे हैं। वे जिला अस्पताल में ही मशीन ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। इधर सीटी स्कैन मशीन संचालित करने वाली फर्म ने बताया कि मशीन को ठीक करने के लिए इंजीनियर आ गए हैं। जल्द ही मशीन ठीक हो जाएगी जिससे मरीजों की जांच करना शुरू कर दिया जाएगा।

## चौमहला में संत रविदास जन्मोत्सव पर भव्य चल समारोह: कलश यात्रा निकली गई

- भव्य चल समारोह का कस्बे में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया



**चमकता राजस्थान/धरम सिंह - झालावाड़।** चौमहला में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। श्री रविदास मंडल के तत्वावधान में भव्य चल समारोह और कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा श्री राम गंगा रविदास मंदिर से शुरू हुई और मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। संत रविदास महाराज की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वक्ताओं ने संत रविदास के विचारों पर प्रकाश डाला और समाज में समानता और समरसता का संदेश दिया। इस दौरान कस्बे में जगह जगह भव्य चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया।

## लखीसराय रेलवे स्टेशन शहीद द्वार के पास नए पुलिसकर्मी की तैनाती



**चमकता राजस्थान/लखीसराय/सौरव कुमार।** लखीसराय रेलवे स्टेशन शहीद द्वार को जाम मुक्त रखने के लिए नए पुलिसकर्मी एवं होमगॉर्ड की तैनाती की गई है कल से बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा शुरू हो रही है परीक्षार्थी हजारों की संख्या मे विभिन्न परीक्षा केंद्र पर आते जाते रहते हैं नए पुलिसकर्मी के लिए कल से थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा क्योंकि फरवरी माह परीक्षा माह होता है बिहार बोर्ड की मेट्रिक और इंटर परीक्षा इसी माह मे होती है लखीसराय रेलवे स्टेशन एवं जिला मुख्यालय होने के कारण बहुत ही भीड़भाड़ रहता है।

## फलोदी में आज हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को फलोदी के आदर्श नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन दोपहर 2:30 बजे कुंज बिहारी पार्क, डाकघर के पास आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक ईश्वरलाल पालीवाल ने बताया कि हिंदू समाज को समर्थ एवं संगठित करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में महंत भगवान दास महाराज एवं गौभक्त दयानंदगिरि महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। मुख्य वक्ता के रूप में सीमाजन कल्याण समिति के स्वरूपदान उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन से पूर्व संवित आश्रम एवं गजानंद मंदिर से कलश यात्राएं निकलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। सम्मेलन में भजन कार्यक्रम, अमृता देवी नाटक मंचन तथा संतों व वक्ताओं के उद्बोधन होंगे।

## करौली जिले में सपोटरा विधायक, मीणा ने की बड़ी घोषणा,51 लाख रुपए की ग्राम पंचायत के विकास के लिए बड़ी घोषणा




**चमकता राजस्थान/(साबिर मोहम्मद)** सपोटरा उपखंड की नव ग्राम पंचायत निमोदा में कन्हैया दंगल आयोजित किया गया
मुख्य अतिथि सपोटरा विधायक हंसराज मीना ने शिकरत की आमजन के सहयोग से कन्हैया दंगल का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सभी अतिथियों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह का प्रोग्राम होना अतिआवशयक है ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन सनातन परम्परा , सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती प्रदान करते हैं हरि कीर्तन, पद दंगल , कन्हैया दंगल जैसे आयोजन समाज में भक्ति , सदभाव और आपसी भाईचारे की भावना को प्रबल करते हैं मुख्य अतिथि सपोटरा विधायक हंसराज मीना का मुख्य द्वार से ही स्वागत करते हुए स्कूल तक लेकर गये गोठरा एवं पटपरी गांव की पार्टियों ने अनेक भक्ति एवं देश भक्ति, बालिका शिक्षा , समाज में फैल रही बुराइयों पर अंकुश लगाने की बात कही गायन द्वारा निमोदा गांव के ग्रामीणो द्वारा सभी को चाय पानी की अच्छी व्यवस्था करी।

# जयपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ "नेक्स्ट जेन ग्लोबल यूथ समिट 2026", नशा मुक्ति व रोड सेफ्टी का दिया सशक्त संदेश

चमकता राजस्थान







**जयपुर।** The Earth Association के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान का सबसे बड़ा युवा महोत्सव ''Next Gen Global Youth Summit 2026'' का आयोजन 31 जनवरी को रक्अट ऑडिटोरियम, दुर्गापुरा, जयपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 1000 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर नशा मुक्ति, रोड सेफ्टी एवं सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं कैबिनेट मंत्री जल संसाधन विभाग श्री सुरेश सिंह रावत रहे जिनके ओजस्वी वचनों ने छात्र-छात्राओं को ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आरएएस अधिकारी और संस्था के मेंटर श्री पंकजओझा ने की.इनके साथ आईएएस अधिकारी राकेश शर्मा, रिटायर्ड आईपीएस हरी मीणा, कृषि अनुसंधान विश्वविद्यालय के हॉर्टिकल्चर विभाग से डॉ के के मीना एवं आपीएस रानू शर्मा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

मुख्य अतिथि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने युवाओं को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने और सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग यदि जागरूक हो जाए तो समाज को नशे और सड़क दुर्घटनाओं जैसी गंभीर समस्याओं से बचाया जा सकता है।

वहीं कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अपने संबोधन में नशा मुक्ति एवं रोड सेफ्टी अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी युवाओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने The Earth Association द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

संस्था की निदेशक डॉ. हेमलता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा वृहद स्तर पर रोड सेफ्टी एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें संस्था के 500 से अधिक वॉलिंटियर्स छोटी-छोटी टीमों में स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर युवाओं और आमजन को जागरूक कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने डांस, सिंगिंग, स्पीच, पोएट्री, फैशन शो एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि मौज-मस्ती और खुशहाल जीवन नशे के बिना भी संभव है तथा बिना नशे के जीवन अधिक सकारात्मक और तनावमुक्त हो सकता है।

कार्यक्रम में Right Uni. के डायरेक्टर दीपक शर्मा, इंजीनियर शिव शंकर शर्मा, संस्था के कोषाध्यक्ष जलज शर्मा, आर ए स में नव चयनित नीरज शर्मा, जितेंद्र मीणा,धर्मेश भारद्वाज, डॉ नीतू, डॉ सतीश मीणा, एडवोकेट यशदीप पाराशर, रवि मुदगल एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

इस आयोजन में Right Uni. संस्था, IBT, JK Business School (गुरुग्राम) एवं शूलिनी यूनिवर्सिटी (हिमाचल प्रदेश) ने स्पॉन्सरशिप पार्टनर के रूप में सहयोग प्रदान किया।

# योगी को पीएम चेहरा बनाने पर ही भाजपा को समर्थन, नहीं तो नोटा का विकल्प: ओकेन्द्र सिंह राणा

चमकता राजस्थान



**पुनित चपलोत/भीलवाड़ा।** क्षत्रिय करणी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेन्द्र सिंह राणा ने भाजपा को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आगामी चुनावों में यदि योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे लाया जाता है, तभी क्षत्रिय समाज भाजपा को समर्थन देगा, अन्यथा समाज नोटा का उपयोग करेगा।

ओकेन्द्र सिंह राणा रविवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने करणी सेना द्वारा आयोजित राणा सांगा प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं और समाजजनों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद निजी रिसोर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता में राणा ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखे आरोप लगाए और भविष्य की राजनीति को लेकर खुलकर अपनी बात रखी।

यूजीसी कानून को लेकर राणा ने कहा कि यह व्यवस्था समाज में दूरी बढ़ाने वाली है। पहले एकता की बात होती थी, लेकिन अब समाज को बांटने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज और क्षत्रिय समाज के बीच लंबे समय से भाईचारा रहा है और कठिन समय में दोनों ने एक-दूसरे का साथ दिया है। नए कानूनों के जरिए समाजों के बीच अविश्वास पैदा करना उचित नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि कठोर प्रावधानों के दुरुपयोग से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो सकता है।

शंकराचार्य से जुड़े सवाल पर राणा ने कहा कि सनातन परंपरा में गुरुजनों, संतों और विद्वानों का सम्मान सर्वोपरि है। किसी भी संत के साथ अनुचित व्यवहार निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अलग-अलग समाज अपनी बात रखने के लिए बैठक कर सकते हैं, यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, इसे जातिवाद से जोड़ना गलत है। कांग्रेस के समर्थन को लेकर पूछे गए सवाल पर राणा ने साफ कहा कि उनका समाज कांग्रेस के साथ नहीं जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यदि भाजपा नेतृत्व में बदलाव कर योगी आदित्यनाथ को आगे लाया जाता है तो समर्थन पर विचार होगा, अन्यथा समाज के पास मतपत्र पर ''किसी को न चुनने'' यानी नोटा का विकल्प मौजूद रहेगा।

## बहरोड़ के नांगल खोड़िया गाँव के आम रास्ते मे भरा पानी





**चमकता राजस्थान / राजेश कुमार वर्मा :-** कोटपूतली-बहरोड़ की नव गठित नगरपरिषद के वार्ड नंबर 1 मे (ग्राम नांगल खोड़िया के आम रास्ते मे का×फी दिनों से पानी भरा हुआ है जिससे आम आदमी को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## तीन फरवरी से होगा गोठड़ा बाला जी के पाटोत्सव एवं प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव




**चमकता राजस्थान/सूरज मल वैष्णव /बौली/**उपखंड के मित्रपुरा तहसील के गोठड़ा बाला जी के तीन फरवरी से बालाजी पाटोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू होगा। जिसमें कलश व ध्वज स्थापना सहित श्री सीताराम दरबार तथा शिव पार्वती के नवीन विग्रहों का प्राण प्रतिष्ठा पंचदिवसीय महोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम में संत शिरोमणि महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री बालकानंद गिरि जी महाराज हरभावता के सानिध्य में एवं पंडित रेवतीरमन भारद्वाज बौली के प्रधान आचार्यत्व व पंडित हेमराज तिवारी लाखनपुर ब्रह्मपाद के सानिध्य में नवकुंडात्मक यज्ञ विविध पाठ जापादि के कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम से जुड़े जगदीश बिधूड़ी व सीताराम चौधरी ने बताया कि प्रथम दिवस 3 फरवरी को ध्वज पूजन , झांकियों सहित कलश यात्रा, देवस्थापना ,नूतन विग्रहों का शुद्धिकरण, झांकी में ड्रोन से पुष्पों की वर्षा,4 फरवरी को देवार्चन अभिषेक नूतन विग्रहों का धन्यधिवास जलाधिवास, बाला जी का महाभिषेक ,अग्नि स्थापन,हवन विविध जप एवं पाठ,5 फरवरी को आहुत देवों का नित्यार्चन हवन के साथ नूतन विग्रहों का पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास ,6 फरवरी को घृतादिवास और शय्यादिवसादी, 7 फरवरी को नूतन देव विग्रहों का महाभिषेक, न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, शिखरो पर ध्वज, एवं कलश स्थापना, पूर्णाहुति महाआरती एवं महाप्रसादी (भंडारा) होगा।

## मित्रपुरा क्षेत्र के गूगडोद गांव में ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुई बावड़ी।



**चमकता राजस्थान/सूरज मल वैष्णव /बौली/**उपखंड के मित्रपुरा तहसील के ग्राम पंचायत बपुई के गुगडोद गांव के पहाड़ में की गई ब्लास्टिंग से गांव की धार्मिक आस्था का प्राचीन केन्द्र शंकर भगवान वाली बावड़ी की दीवारें गिर गई है।इस बावड़ी पर ही पुराना शंकर भगवान का मंदिर है ब्लास्टिंग बन्द होने के बाद भी लीजधारक ब्लास्टिंग कर रहे है शनिवार रात को 20 ×फीट से ज्यादा गहरे हॉल लगाकर ब्लास्टिंग की गई जिससे सरकारी विद्यालय के पास में स्थित सैकड़ों वर्षों पुरानी पक्की दीवारों वाली बावड़ी भरभराकर जमीन में समा गई। इससे पूर्व राजकीय विद्यालय की पुराने भवन की पट्टियां टूट गई थी । जिसको लेकर ग्रामीण प्रेमपाल सिंह गुर्जर, जीतराम कसाना, कलु खां, भंवर लाल गुर्जर, धोलू राम गुर्जर, बद्री दास स्वामी, ग्यारसी लाल गुर्जर ,शिवजी राम गुर्जर, बृजमोहन गुर्जर, देवकिशन गुर्जर आदि ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी खनन कार्य रुकवाने के लिए जिला प्रशासन से मिले थे।ग्रामीणों का कहना है कि खनन कार्य बंद होने के बाद भी खनन कार्य किया जा रहा जो अनुचित है।

## मित्र के आरजेएस बनने की की प्रार्थना कामना पूरी होने पर खरनाल तक की पदयात्रा

- नवचयनित आरजेएस भी रहे साथ



**चमकता राजस्थान/नागौर(प्रदीप कुमार डागा)**जिला मुख्यालय के विधि अधिस्नातक विद्यार्थी व अधिवक्ता सुमित टाक द्वारा नागौर से खरनाल तक पदयात्रा की गई। अपने मित्र व नवचयनित आरजेएस शुभम भाटी के राजस्थान न्यायिक सेवा की तैयारी के दौरान किए गए कामना के फलीभूत होने के उपलक्ष में यह पदयात्रा की गई। लोक देवता के खरनाल स्थित मंदिर व अमरपुरा स्थित संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज के धाम तक पैदल पद यात्रा करने का संकल्प इसके तहत लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मानवेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि इस अवसर पर नव चयनित आरजेएस भाटी भी साथ रहे। टाक द्वारा लोक देवता व सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के मंदिर खरनाल में पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया गया। आरजेएस भाटी ने भी मंदिर में धोक लगाकर पूजन अर्चन किया व प्रार्थना की गई।

इससे पूर्व भी 2024 में सुमित के मित्र व साडोकण निवासी हरिकिशन सांगवा द्वारा भी सुमित की अग्रजा वर्षा टाक के इसी परीक्षा में चयनित होने पर नागौर से खरनाल तक पदयात्रा की। अपनी मनोकामना पूरी होने पर सांगवा ने खरनाल में तेजाजी मंदिर में धोक लगाकर पूजन अर्चन किया।

# मोदी सरकार के बजट ने देश को सबसे ज़्यादा रेवेन्यू और टैक्स देने वाले महाराष्ट्र को खुली छूट दी है : सांसद वर्षा गायकवाड़

**मुंबई के सबअर्बन रेल ट्रांसपोर्ट, मुंबई में इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर के लिए भाजपा सरकार के पास कोई पॉलिसी नहीं है।**

चमकता राजस्थान

**अरविंद कोठारी/नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश को सबसे ज़्यादा रेवेन्यू और टैक्स देने वाले महाराष्ट्र को बजट के ज़रिए सचमुच खुली छूट दी है। इस बजट में मुंबई और महाराष्ट्र के लिए कोई खास प्रोविज़न नहीं किया गया है। यूनियन बजट ने मुंबई और महाराष्ट्र को निराश किया है। महाराष्ट्र के साथ कितना भी अन्याय हो, राज्य सरकार में जवाब मांगने की हिम्मत या ताकत नहीं है। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष ,सांसद वर्षा गायकवाड़ ने रिएक्ट किया है कि आज के बजट ने एक बार फिर भाजपा सरकार की महाराष्ट्र विरोधी पॉलिसी को सामने ला दिया है।



यूनियन बजट पर बोलते हुए सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि कुल मिलाकर, मोदी सरकार का बजट दिशाहीन, जनविरोधी और निराशाजनक है। इस बजट में कोई ठोस पॉलिसी नहीं है। जॉब क्रिएशन के लिए कोई क्लियर प्लान नहीं है, महंगाई को कंट्रोल करने की कोई इच्छा नहीं है। इकोनॉमिक इनइक्वलिटी को दूर करने का कोई कमिटमेंट नहीं है। अनिश्चितता के ग्लोबल माहौल में बड़े इकोनॉमिक रिफॉर्म्स की ज़रूरत थी, लेकिन मोदी सरकार के पास इंडिया के फ्यूचर के लिए कोई ठोस रोडमैप नहीं है। बजट में किसान लोन वेवर, महिला एम्पावरमेंट के बारे में एक भी शब्द नहीं है। पिछले बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश में असेंबली इलेक्शन को ध्यान में रखकर रियायतें बांटी गई थीं, इस बार भी मोदी सरकार उन राज्यों पर मेहरबान दिख रही है जहां असेंबली इलेक्शन हो रहे हैं, और मुंबई और महाराष्ट्र को पूरी तरह से इग्नोर कर दिया है।

मुंबईकर्स हर दिन अपनी जान हथेली पर रखकर लोकल ट्रेनों में सफर कर रहे हैं, इन लोकल सर्विसेज़ में सुविधाएं देने का कोई प्लान नहीं है। मुंबई के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोई प्रोविजन नहीं किया गया है, सिर्फ बुलेट ट्रेन देने से मुंबई को कोई फायदा नहीं होगा। मुंबई की लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन खराब हो गई है। फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर के सामने आधी रात को शूटिंग की गई, इससे पहले सलमान खान के घर पर शूटिंग की गई, सैफ अली खान के घर पर जानलेवा हमला किया गया। विधायक बाबा सिद्दीकी की उनके ऑफिस के सामने हत्या कर दी गई, महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, भाजपा सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। कुल मिलाकर, मोदी सरकार ने बजट से मुंबई और महाराष्ट्र का चेहरा साफ कर दिया है, सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929